RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-177 | जयपुर, गुरुवार, 25 दिसम्बर 2025 | मूल्य-4 रूपये

# अरावली में नए खनन पट्टे की इजाजत नहीं

## केंद्र के सभी राज्यों को निर्देश, अरावली के लिए ICFRE बनाएगा नया माइनिंग प्लान

जयपुर

पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दे पर केंद्र सरकार ने राज्यों को नए सिरे से निर्देश दिए हैं। इनमें कहा गया है कि अरावली क्षेत्र में खनन के नए पट्टे देने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यानी दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली रेंज में अब खनन के लिए नए पट्टे की मंजूरी देने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। बीते नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों को पहले भी आगाह किया था।

यह प्रतिबंध पूरे अरावली पर समान रूप से लागू होंगे। केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जारी लिखित बयान के मुताबिक इस आदेश का मकसद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली सतत भूवैज्ञानिक श्रृंखला के रूप में अरावली की रक्षा करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद (ICFRE) को



पूरे अरावली क्षेत्र में लगातार खनन के लिए एक व्यापक, साइंटिफिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस प्लान में पर्यावरणीय प्रभाव और पारिस्थितिक वहन क्षमता का आकलन करने के साथ-साथ पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील और संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करेगी। बहाली और पुनर्वास के उपाय निर्धारित करेगी। इस प्लान को संबंधित स्टेक होल्डर से परामर्श के लिए सार्वजनिक किया जाएगा।

### खनन प्रतिबंधित दायरे को और बढ़ाया जाएगा

केंद्र सरकार के बयान के मुताबिक पूरे अरावली क्षेत्र में खनन से संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों के दायरे को और बढ़ाया जाएगा। अरावली पर तैयार किए जा रहे प्लान में इसका खास ध्यान रखा जाएगा। केंद्र सरकार ने अरावली इलाके में पहले से ही चालू खदानों के बारे में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुरूप सभी पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों का कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं। केंद्र ने राज्य सरकार से कहा है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मौजूदा खानों पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के साथ सख्ती से नियम-रेगुलेशन लागू किए जाए।

### अरावली हमारी अमूल्य धरोहरः सीएम

अरावली हमारी अमूल्य धरोहर है। इस पर डबल इंजन सरकार का रुख पूरी तरह स्पष्ट है। इसके साथ किसी तरह की कोई छेड़छाड़ नहीं होगी। अरावली को लेकर



केंद्र सरकार ने आज ऐतिहासिक फैसला लिया है। इस फैसले के अंतर्गत सम्पूर्ण अरावली पर्वतमाला में नए खनन पट्टों पर पूर्ण प्रतिबंध लगेगा, पूरे क्षेत्र में अतिरिक्त Eco Sensitive Zone चिन्हित किए जाएंगे तथा विज्ञान-आधारित Sustainable Mining Plan तैयार किया जाएगा। कांग्रेस ने दशकों तक अवैध खनन माफिया को संरक्षण दिया है, 'झूठ' और 'भ्रम' फैलाकर जनता को गुमराह करने वाली कांग्रेस को अब आत्ममंथन करना चाहिए और नकारात्मक राजनीति छोड़कर राजस्थान की सम्मानित जनता के साथ ईमानदारी से पेश आना चाहिए।

### अरावली के संरक्षण के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्धः केंद्र

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के बयान के अनुसार केंद्र सरकार अरावली इको सिस्टम के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार का मानना है कि मरुस्थलीकरण को रोकने, जैव विविधता के संरक्षण, पानी के स्रोतों के रिचार्ज और क्षेत्र के लिए पर्यावरणीय सेवाओं में अरावली की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### केंद्र के फैसले में कुछ भी नया नहीं हैः गहलोत

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने केंद्र के फैसले को ट्विट किया है। उन्होंने लिखा- भारत सरकार द्वारा राज्यों को अरावली में ढ्रष्स्त्रक्ष के माध्यम से 'मैनेजमेंट प्लान फॉर सस्टेनेबल माइनिंग' (MPSM) बनने तक नए पट्टे जारी करने पर रोक लगाना, केवल सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बिंदु 50 के उप-बिंदु (1) की पालना है। इसमें कुछ भी नया नहीं है।

### नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने दिया था फैसला

20 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भू-आकृति को ही अरावली पहाड़ी माना जाएगा। इस मानक से अरावली की 90% से ज्यादा पहाड़ियां संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। इस फैसले के बाद अरावली को बचाने की आवाजें तेज हो गईं।

पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, ढ्रष्स्त्रक्ष से कहा गया है कि पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां पर खनन पर रोक लगनी चाहिए। यह उन क्षेत्रों के अतिरिक्त रहे, जहां पर केंद्र ने पहले से खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है।

# उन्नाव मामले में कुलदीप सेंगर की जमानत को चुनौती देगी सीबीआई

### उन्नाव रेप पीड़ित राहुल-सोनिया से मिली



उन्नाव

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उन्नाव दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई उम्रकैद की सजा को निलंबित करने और जमानत देने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में तुरंत चुनौती देगी। दिल्ली हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सेंगर को जमानत दी थी। हाईकोर्ट के आदेश का अध्ययन करने के बाद यह फैसला लिया गया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यूपी के उन्नाव रेप केस की पीड़ित ने बुधवार शाम दिल्ली में राहुल और सोनिया गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात 10 जनपथ स्थित कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के आवास पर हुई। पीड़ित ने कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह से मिलने की गुहार लगाई, लेकिन मुझसे कोई नहीं मिला। राहुल भैया का खुद फोन आया और उन्होंने मुझे मिलने के लिए बुलाया। मैंने सोनिया गांधी और राहुल भैया से मुलाकात की। मैंने उन्हें बताया कि मुझे बंधक बनाया गया। मेरी जान को खतरा है। राहुल भैया ने मुझसे कहा कि इस लड़ाई में वे मेरे साथ हैं।

पीड़ित ने कहा, दोनों नेताओं ने आश्वासन दिया है कि बेटा आप परेशान मत हो। उनके आंखों में भी आंसू आ गए कि ये देश का न्याय नहीं है, ये अन्याय है।

इधर, CBI दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी, जिसमें रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड कर जमानत दी गई है। CBI ने कहा- ये मामला बेहद गंभीर है। पीड़ित को न्याय दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दरअसल, भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को जमानत दी है। इसके विरोध में देर शाम रेप पीड़ित लड़की, उसकी मां और एक्टिविस्ट योगिता भयाना दिल्ली में इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गईं। वे सेंगर की जमानत का विरोध कर रही थीं।

# प्राइवेट स्कूलों में स्वागत सत्कार करवाने पर पाबंदी

**बीकानेर।** राजस्थान के शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों में निरीक्षण, जांच और परीक्षाओं के दौरान होने वाले स्वागत- सत्कार पर पाबंदी लगा दी है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने एक आदेश जारी किया है। इसमें साफ कहा गया है कि किसी भी स्तर पर निरीक्षकों, वीक्षकों या अन्य अधिकारियों की मेहमानवाजी, आतिथ्य या स्वागत की परंपरा पर पूरी तरह रोक रहेगी। समय-समय पर शिक्षा विभाग की ओर से निजी स्कूलों में मान्यता, क्रमोन्नति, परीक्षा, प्रेक्टिकल एग्जाम और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के तहत निरीक्षण किए जाते हैं।

# राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025 जारी

झुंझुनूं

राजस्थान सरकार ने राज्य को राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय फिल्मांकन का पसंदीदा गंतव्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रस्तावित राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 जारी की है। नीति में सब्सिडी प्रोत्साहन एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के व्यापक प्रावधान शामिल किए गए हैं। जिससे यह नीति अन्य राज्यों की तुलना में फिल्म निर्माताओं के लिए आकर्षक होगी। राजस्थान में झुंझुनूं की पर्यटन नगरी के नाम से प्रसिद्ध मंडावा कस्बे में राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 जारी करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने



कहा राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर, मरुस्थलीय भू-भाग, ऐतिहासिक किले, महल और विविध प्राकृतिक लोकेशन्स विश्वस्तरीय हैं। नई फिल्म पर्यटन नीति राज्य को फिल्मिंग हब के रूप में स्थापित करेगी और युवाओं के लिए रोजगार तथा कौशल विकास के नए अवसर खोलेगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया की फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए न केवल सब्सिडी दी जाएगी, अपितु प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाकर नीति का सुगम क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। राजस्थान में फीचर फिल्म, वेब सीरीज, टीवी सीरियल व डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग पर किए गए व्यय का अधिकतम 30 प्रतिशत तक सब्सिडी देने का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी सीमा फीचर फिल्म 3 करोड़, वेब सीरीज 2 करोड़, टीवी सीरियल 1.5 करोड़, डॉक्यूमेंट्री 2 करोड़ निर्धारित की है। सब्सिडी प्राप्त करने के लिए राज्य में न्यूनतम व्यय फीचर फिल्म हेतु 2 करोड़, जबकि वेब सीरीज, टीवी सीरियल व राजस्थानी भाषा की फिल्मों हेतु 1 करोड़ अनिवार्य होगा।

सब्सिडी प्राप्त करने हेतु राजस्थान की लोकेशन्स को 5-15 प्रतिशत, 16-30 प्रतिशत व 30 प्रतिशत से अधिक स्क्रीन-टाइम देने पर क्रमशः 10 प्रतिशत, 20 प्रतिशत और 30 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।

# बीस साल बाद उद्धव और राज ठाकरे एक साथ

### 29 नगर निगम चुनाव में 15 जनवरी को मतदान

मुंबई

उद्धव और राज ठाकरे ने बुधवार को बृहन मुंबई नगर निगम (BMC) चुनाव एक साथ लड़ने का ऐलान किया। 20 साल बाद दोनों की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और मनसे में चुनावी गठबंधन हुआ है।

इससे पहले 2005 में राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होकर मनसे पार्टी बनाई थी। दोनों ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका ऐलान किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारी सोच एक है अगर बंटेंगे तो बिखरेंगे। महाराष्ट्र के लिए हम सब एक हैं। इससे पहले दोनों नेता शिवाजी पार्क




स्थित बालासाहेब ठाकरे के स्मारक पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। महाराष्ट्र में BMC समेत 29 नगर निगमों में 15 जनवरी को वोटिंग होगी। 16 जनवरी को रिजल्ट आएगा।

राज ठाकरे बोले- मैने एक बार कहा था कि हमारी आपसी किसी भी विवाद या लड़ाई से महाराष्ट्र बड़ा है। आज की बैठक के बाद हम अन्य नगर निगमों के लिए भी घोषणा करेंगे। मुंबई का मेयर मराठी ही होगा और वह हमारे दल से होगा।

उद्धव ठाकरे बोले- मैं सभी से अनुरोध और अपील करता हूं कि पिछली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसा दुष्प्रचार किया था। मैं मराठी लोगों से कहना चाहता हूं- अब अगर आपसे चूक हुई तो सब खत्म हो जाएगा। अब अगर हम बंटे तो पूरी तरह मिट जाएंगे। इसलिए न टूटें, न बंटें। मराठी अस्मिता की विरासत को न छोड़ें।

# कार पर पलटा कंटेनर, 2 महिलाओं की मौत

कोटा

कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार कंटेनर ने कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए। घटना चेचट थाना क्षेत्र में एक्सप्रेस वे टोल के पास सुबह करीब 9 बजे की है।



चेचट थाना सीआई सुरेंद्र कुमार गोदारा ने बताया कि कार सवार उज्जैन से उत्तराखंड जा रहे थे। एक्सप्रेस वे पर टोल होने की वजह से कार की रफ्तार धीमी थी। पीछे से तेज रफ्तार एक कंटेनर आया। वह कार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर कार के पीछे के हिस्से पर पलट गया। कार सवार तीन लोग बाहर निकल आए, लेकिन पीछे बैठी दो महिलाओं की मौत हो गई।

सीआई ने बताया कि कार में कुलदीप सिंह व उनकी पत्नी शिवानी चौहान निवासी देहरादून और सुधा राणा व उसका बेटा वर्धमान निवासी नोएडा बैठे हुए थे। जो आपस में रिश्तेदार है।

# तस्कर से डील करने के मामले में 4 पुलिसकर्मी बर्खास्त

पाली

पाली में 118 किलो डोडा-पोस्त से भरी कार लेकर जा रहे तस्कर को पकड़ने के बाद 2 लाख रुपए में डील कर उसे छोड़ने के चारों आरोपी पुलिसकर्मियों को पद से बर्खास्त कर दिया गया है।


एसपी आदर्श सिधु की ओर से बुधवार को आदेश जारी किए गए। एसपी का कहना है कि अपराधियों से मिलीभगत करने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा।

# फ्री फायर गेम में फंसे बच्चेः मोबाइल हैक कर खाते से निकले 10.85 लाख रुपए

अजमेर

अजमेर में फ्री फायर गेम में बच्चे फंस गए। उनकी मां (बैंक अकाउंटेंट) का मोबाइल हैक कर 10 लाख से ज्यादा रुपए निकाल लिए गए। अकाउंटेंट के बेटे ने गेम खेलते हुए एक व्यक्ति से दोस्ती की थी। इसके बाद इंस्टाग्राम पर बात करते हुए मां की मेल आईडी और मोबाइल का पासवर्ड दे दिया।

महिला के पति कपड़ा व्यापारी राजकुमार पुत्र भगवानदास निवासी अजय नगर ने साइबर थाने में मंगलवार को मामला दर्ज करवाया। साइबर थाना सीओ शमशेर खां ने बताया कि कपड़ा व्यापारी की पत्नी




सिम्मी बैंक ऑफ इंडिया में अकाउंटेंट है। उनके 8 और 14 साल के दो बेटे हैं। बेटे अपनी मां के मोबाइल में फ्री फायर गेम खेलते थे।

### मोबाइल अपने आप हो रहा था ऑपरेट

कपड़ा व्यापारी ने बताया कि रविवार को पैसों की जरूरत होने पर ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के लिए पत्नी का मोबाइल लिया था। मोबाइल से पूरा डाटा और सारे कांटेक्ट नंबर डिलीट हो चुके थे। उन्होंने अपने अकाउंट से पत्नी के अकाउंट में करीब दो से तीन बार एक रुपए डाले लेकिन ट्रांजैक्शन का कोई मैसेज नहीं आया।

इसके बाद मोबाइल अपने आप बंद होकर चालू हो गया। करीब 1 घंटे बाद मोबाइल में 10 लाख 85000 विड्रोल होने का मैसेज आया। अकाउंट में केवल 2 लाख रुपए ही बचे हैं। सोमवार को बैंक जाकर अकाउंट को बंद करवाया।

व्यापारी ने बताया कि इस दौरान बेटों ने बताया कि उनकी गेम खेलने के दौरान बेटे की एक अनजान व्यक्ति से बातचीत हुई थी। बेटा उस व्यक्ति से इंस्टाग्राम पर भी बात करने लग गया। उस व्यक्ति ने अपनी ईमेल आईडी और पासवर्ड बेटे को दे दिया। इसके बाद बेटे ने भी अपनी मां का ईमेल आईडी और पासवर्ड उस व्यक्ति को शेयर कर दिया।

व्यापारी ने बताया कि इसके बाद ठग ने मेरी पत्नी के अकाउंट से रुपए निकालना शुरू कर दिया। रुपए निकलने का भी कोई मैसेज या ओटीपी नहीं आया। इस कारण रुपए निकलने का पता नहीं चला। मामले में साइबर थाना पुलिस जांच कर रही है।

# इसरो ने 6100 किलो का अमेरिकी सैटेलाइट लॉन्च किया

### भारत से भेजा गया यह सबसे भारी उपग्रह, धरती पर कहीं से भी वीडियो कॉल कर सकेंगे

श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इतिहास रच दिया है। दरअसल इसरो ने इस साल के अपने आखिरी मिशन में सबसे भारी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह पूरी तरह से कॉमर्शियल लॉन्चिंग रहा। मिशन के तहत अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के 6100 किलो वजनी ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को 520 किलोमीटर दूर स्थित पृथ्वी की निचली कक्षा में 16 मिनट में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया।

इसरो ने इसकी लॉन्चिंग के लिए अपने एलवीएम3 रॉकेट का इस्तेमाल किया, जिसे इसकी क्षमताओं के चलते 'बाहुबली' रॉकेट भी कहा जाता है। ये इस लॉन्च व्हीकल की



छठवीं उड़ान रही और वाणिज्यिक मिशन के लिए तीसरी।

यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 8:55 बजे हुई। इसरो के मुताबिक, करीब 16 मिनट की उड़ान के बाद संचार उपग्रह रॉकेट से अलग होकर लगभग 520 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित किया गया। यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) और अमेरिका की AST स्पेसमोबाइल (AST and Science, LLC) के बीच हुए कॉमर्शियल समझौते का हिस्सा है।

### प्रधानमंत्री ने जताई खुशी

इसरो की सफल लॉन्चिंग पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया। जिसमें पीएम मोदी ने लिखा, 'भारत के युवाओं की ताकत से, हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम ज्यादा आधुनिक और असरदार बन रहा है। LVM3 ने भरोसेमंद हैवी-लिफ्ट प्रदर्शन दिखाया है, जिससे हम गगनयान जैसे भविष्य के मिशन के लिए नींव मजबूत कर रहे हैं, कमर्शियल लॉन्च सेवाओं का विस्तार कर रहे हैं और वैश्विक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। यह बढ़ी हुई क्षमता और आत्मनिर्भरता को मिला बढ़ावा आने वाली पीढ़ियों के लिए बहुत बढ़िया है।'

### ऐतिहासिक सफलता से गगनयान मिशन को मिली नई ताकत : इसरो प्रमुख

इस मिशन को खास बताते हुए नारायणन ने कहा कि एलवीएम3 वही मानव-रेटेड लॉन्च व्हीकल है, जिसे गगनयान मिशन के लिए चुना गया है। ऐसे में इसकी निरंतर सफलता बेहद अहम है।

उन्होंने बताया कि इस मिशन में सैटेलाइट को बेहद सटीकता के साथ तय कक्षा में पहुंचाया गया। लक्ष्य 520 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा था, जबकि सैटेलाइट को 518.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थापित किया गया, जो अब तक भारतीय लॉन्चरों की सबसे बेहतरीन सटीकता मानी जा रही है। इस मिशन की एक और बड़ी उपलब्धि यह रही कि यह भारत की धरती से लॉन्च किया गया अब तक का सबसे भारी सैटेलाइट था। करीब 5,908 किलोग्राम वजनी इस सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाकर इसरो ने एक नया कीर्तिमान रचा।

# कंबोडिया में भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़ी

### भारत बोला- ऐसे काम न करें, यह लोगों की आस्था पर हमला

लाओस/नाम पेन्ह

थाईलैंड और कंबोडिया की बॉर्डर पर थाई सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दी। एशियानेट न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक थाई सैनिकों ने बुलडोजर चलाकर मूर्ति को गिरा दिया। घटना सोमवार, 22 दिसंबर की बताई जा रही है।

कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया। मूर्ति की ऊंचाई 30 फीट बताई जा रही है। कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत के सरकारी प्रवक्ता किम चानपनहा ने कहा कि इस मूर्ति को



2014 में थाईलैंड की सीमा से करीब 100 मीटर दूर बनाया गया था। भारत ने मूर्ति तोड़े जाने की खबरों पर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को धार्मिक प्रतीकों का अपमान दुनिया भर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है और ऐसे काम नहीं होने चाहिए।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले 6 महीने से प्रीह विहार मंदिर के इलाके को लेकर विवाद चल रहा है। जून में दोनों देशों के बीच जंग भी हुई थी। हालांकि ट्रम्प की मध्यस्थता के बाद सीजफायर हो गया था।

लेकिन दिसंबर में एक बार फिर विवाद भड़क गया है। अब तक संघर्ष में 40 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जबकि 10 लाख से ज्यादा को पलायन करना पड़ा है।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर यात्री और पायलट में हुई हाथापाई, पायलट पर एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट द्वारा एक यात्री पर हमला करने के तीन दिन बाद, दिल्ली पुलिस को दोनों की शिकायतें मिलीं। पुलिस ने यात्री अंकित दीवान की शिकायतों के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। अंकित दीवान ने आरोप लगाया है कि शुक्रवार को एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर ऑफ-ड्यूटी पायलट ने उन पर हमला किया। अंकित दीवान ने घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीवान ने बताया कि विवाद तब शुरू हुआ जब उन्होंने कुछ स्टाफ सदस्यों के सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर लाइन तोड़ने पर चिंता जताई। इसके बाद नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट को सस्पेंड कर दिया है। पहले बयान जारी करते हुए एयरलाइन ने कहा कि घटना के समय पायलट ऑफ-ड्यूटी था और एक यात्री के तौर पर यात्रा कर रहा था। बयान में यह भी कहा गया है कि यह पूरी तरह से दो यात्रियों के बीच का निजी मामला था और इसका उसके प्रोफेशनल रोल या एयरलाइन से कोई लेना-देना नहीं था। एयरलाइन ने कहा कि वह अगले हफ्ते घटना के सभी पहलुओं की जांच के लिए एक आंतरिक जांच करेगी। सूत्रों ने पहले बताया था कि घटना के बाद ऑफ-ड्यूटी पायलट बाद में बेंगलुरु के लिए इंडिगो की फ्लाइट में सवार हो गया था। कैप्टन सेजवाल ने अंकित दीवान पर बहस में जाति-आधारित टिप्पणी करने और उनके परिवार की महिला सदस्यों, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है, को धमकी देने का आरोप लगाया है। सेजवाल के मुताबिक अंकित दीवान ने बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज शुरू कर दी। यह टकराव हाथापाई में बदल गया।

## चीनी वीजा घोटाला मामले में कार्ति चिदंबरम की मुश्किलें बढ़ीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की अदालत ने चीनी वीजा घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में कांग्रेस सांसद कार्ति पी चिदंबरम और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। यह मामला 2011 से जुड़ा है जब कार्ति के पिता पी. चिदम्बरम गृह मंत्रालय के मंत्री थे। पंजाब के तालवंडी साबो पावर लिमिटेड नाम की कंपनी की वॉर्डर के तहत 2011 में एक पावर प्रोजेक्ट चल रहा था, जिसमें चीनी कर्मचारी काम कर रहे थे। इन लोगों के लिये स्पेशल प्रोजेक्ट वीजा जारी किये गए थे। कार्ति चिदंबरम पर आरोप है कि उन्होंने चीनी नागरिकों को भारत में काम करने के लिए वीजा दिलाने में अवैध तरीके से सहायता करने के एवज में रिश्वत ली और इससे जुड़े नियमों में अनियमितता कराई।

## लखनऊ-वाराणसी हाईवे पर कोहरे के कारण टकराए कई वाहन, दो की मौत, 10 घायल

अमेठी (एजेंसी)। लखनऊ वाराणसी हाईवे पर मंगलम स्कूल के पास कोहरे के चलते हुए हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं करीब 10 घायल हुए हैं। घने कोहरे के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। यह हादसा लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग अमेठी रोड ओबरब्रिज पर चार ट्रक, एक कार व बस घने कोहरे की वजह से आपस में टकरा गई। तीन हाइड्रा, चार जेसीबी रेस्क्यू के लिए लगाई गई हैं। हादसे के बाद मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ, एसडीएम, तहसीलदार पहुंच गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा रात ढाई बजे के करीब हुआ है। हादसे के बाद हाईवे पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पुलिस हाईवे को जल्द यातायात सुचारु करने की कोशिश कर रहा है।

## ओडिशा में 22 नक्सलियों ने सरेंडर किया

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा के मलकानगिरी जिले में मंगलवार को 22 नक्सलियों ने पुलिस के सामने सरेंडर किया। इनमें एक संभागीय समिति सदस्य, छह एसीएम और 15 पार्टी सदस्य शामिल हैं। हर एक पर 5.5 लाख से लेकर 27.5 लाख तक का इनाम था। ओडिशा डीजीपी योगेश बहादुर खुराना ने बताया कि सभी नक्सलियों ने हथियारों के साथ सरेंडर किया है। मुझे उम्मीद है कि अन्य नक्सली भी सरेंडर करेंगे और मुख्यधारा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि 31 मार्च तक देश को नक्सल मुक्त करने का अभियान चल रहा है। इस कारण नक्सल प्रभावित राज्यों में नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है।

## 50 भारतीय अब भी रूसी सेना में, 26 की मौत

नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में 202 भारतीयों ने रूसी सेना की तरफ से हिस्सा लिया, जिनमें से 119 को केंद्र सरकार के प्रयासों से वापस भारत लाया जा चुका है, वहीं 26 की मौत हो चुकी और सात लापता हैं। लगभग 50 भारतीय अब भी युद्ध क्षेत्र में फंसे हुए हैं। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने सांसद साकेत गोखले और रणदीपसिंह सुरजेवाला के सवालों के जवाब में बताया कि इन नागरिकों की शीघ्र रिहाई के लिए रूस के साथ लगातार कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी है। इस बीच गुजरात के युवक का वीडियो जारी हुआ, जिसमें बताया गया कि उसे ड्रग्स के मामले में झूठा फंसाकर रूसी सेना में शामिल कर लिया है।

## गुरुग्राम में एक फार्म हाउस पर हुई छापेमारी...कुल 18 गिरफ्तारियां, जिसमें 16 विदेशी नागरिक

गुरग्राम (एजेंसी)। हरियाणा की राजधानी गुरुग्राम में नए साल के जश्न से पहले पुलिस पूरी मुस्तैदी में दिख रही है। भोंडसी स्थित एक फार्म हाउस पर हुई छापेमारी ने अवैध गतिविधियों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। छापेमारी का विवरण एलिगेंट फार्म बी-2, बहलपा ग्रीन, भोंडसी (गुड़गांव)। छापेमारी में कुल 18 गिरफ्तारियां, जिनमें 16 विदेशी नागरिक (नाइजीरियाई) शामिल हैं। इनमें तीन युवतियां और एक महिला भी है। पुलिस ने 3 लाख 20 हजार रुपये कैश (जुआ खेलने के लिए इस्तेमाल) बरामद किया। जबकि करीब 5 लाख रुपये की शराब (24 पेटी महंगी शराब और 16 पेटी बियर) पकड़ी। पुलिस ने आरोपियों पर कई गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। अवैध रूप से शराब परोसने और पीने के लिए, फार्म हाउस में जुआ खिलाने और खेलने के लिए केस दर्ज हुआ है। पकड़े गए विदेशी नागरिक अपने पासपोर्ट और वीजा के दस्तावेज नहीं दिखा पाए। पुलिस संबंधित एंबेसी (दूतावास) को सूचित कर रही है और इन सभी विदेशी नागरिकों को डिपोर्ट (देश निकाला) करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# मतदाता सूची में नाम तो निश्चिंत ना हों, अब चुनाव आयोग करेगा असली जांच

### -संतोषजनक तथ्य नहीं पेश कर पाने पर हटाए जा सकते हैं नाम

**कोलकाता (एजेंसी)।** सिर्फ इसलिए कि आपका नाम मसौदा मतदाता सूची में आ गया है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप निश्चिंत हो जाएं। अभी भी हो सकता है कि आपका नाम अंतिम मतदाता सूची से बाहर हो जाए। चुनाव आयोग की असली जांच अब शुरू होगी, जिन भी लोगों ने गणना प्रपत्र भरा है, उनमें से करीब सभी के नाम मसौदा सूची में हैं। इनमें करीब एक करोड़ 66 लाख नामों पर चुनाव आयोग को शक है। उन लोगों के तथ्यों की बारीकी से जांच की जाएगी।

जरुरत पड़ी तो उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। संतोषजनक तथ्य नहीं पेश कर पाने पर उनके नाम हटाए जा सकते हैं। किन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा, यह तय करने के लिए आयोग की अपनी पद्धति है।

मसौदा सूची में शामिल 30 लाख से ज्यादा मतदाताओं को सुनवाई का सामना करना होगा। बाकी एक करोड़ से ज्यादा मतदाताओं में से कुछ को जरुरत पड़ने पर सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

30 लाख 59 हजार 273 मतदाता 2002 की सूची से अपना कोई लिंक नहीं दिखा पाए हैं यानी उनकी जानकारी 2002 से मैप नहीं हो पाई। इन सभी के नाम मसौदा सूची में हैं, हालांकि यह पक्का नहीं है कि वे वैध मतदाता हैं या नहीं इसलिए इन सभी को सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा।

नो मैपिंग कैटेगरी के मतदाताओं के अलावा आयोग को एक करोड़ 36 लाख और मतदाताओं पर शक है। आयोग को उनके गणना प्रपत्रों में मिली जानकारी संदिग्ध लग रही है इसलिए उन्हें वेरिफाई करने का फैसला किया गया है, हालांकि इन सभी को सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाएगा।

कुछ मामलों में मतदाताओं से उनके पिता या माता सिर्फ 15 साल बड़े हैं। कुछ मामलों में मतदाता अपने दादा या दादी से 40 साल भी छोटे नहीं हैं। कुछ मामलों में मतदाता और उसके माता-पिता के बीच उम्र का अंतर 50 साल से ज्यादा है।



कुछ जगहों पर छह से ज्यादा मतदाताओं के पिता का नाम एक ही है। संबंधित इलाके के बीएलओ उन सभी के घर जाकर इसकी जांच करेंगे। जिनकी जानकारी से संतुष्ट नहीं होंगे, उन्हें सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। उन्हें बीएलओ घर-घर जाकर नोटिस देंगे। उन्हें यह भी बताया जाएगा कि उन्हें सुनवाई के लिए कब और कहां हाजिर होना है। इसी तरह संबंधित मतदाता को जरुरी दस्तावेजों के साथ तय दिन तय जगह पर पहुंचना होगा। मतदाताओं को तीन लिस्ट में बांटा है-अपनी मैपिंग, संतान मैपिंग और नान-मैपिंग। जिनके नाम 2002 की मतदाता सूची में थे, वे अपनी मैपिंग लिस्ट में हैं। ऐसे 2 करोड़ 93 लाख 69 हजार 188 मतदाताओं की पहचान की गई है, जिनके नाम 2002 की सूची में नहीं हैं, लेकिन उनके माता-पिता या रिश्तेदारों के नाम हैं, वे प्रोजेनिटी मैपिंग लिस्ट में हैं। राज्य में ऐसे मतदाताओं की संख्या 3 करोड़ 84 लाख 55 हजार 939 है। इसके अलावा 30 लाख वोटर्स ऐसे भी हैं, जिनके नाम या उनके रिश्तेदारों के नाम 2002 की सूची में नहीं हैं। वे नान-मैपिंग वोटर्स हैं। वे सभी इस तीसरी सूची में शामिल हैं।

## गंगा लिंक एक्सप्रेसवे को मिली रफ्तार, निर्माण के लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान

नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुपूरक बजट में नोएडा और आस-पास के क्षेत्रों के विकास को बड़ी सौगात दी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए ग्रीनफील्ड गंगा लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है, जिसके लिए 1246 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। औद्योगिक विकास और बेहतर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार गंगा एक्सप्रेसवे को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से जोड़ने के लिए 74 किलोमीटर लंबे नए लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण करेगी। यह ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे बुलंदशहर के स्याना से शुरू होकर यमुना सिटी में फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। इस 74 किलोमीटर लंबे लिंक एक्सप्रेसवे का करीब 21 किलोमीटर हिस्सा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यमुना अथॉरिटी) क्षेत्र में आएगा। इसमें से लगभग 9 किलोमीटर का हिस्सा एलिवेटेड एक्सप्रेसवे के रूप में बनाया जाएगा। इसके अलावा यमुना सिटी के सेक्टर क्षेत्र में 24 मीटर चौड़ी सर्विस रोड का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे स्थानीय आवागमन को सुविधा मिलेगी। यमुना अथॉरिटी अपने क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अगले महीने से शुरू करेगी। इसके तहत 16 गांवों की करीब 740 एकड़ जमीन खरीदी जाएगी। जमीन अधिग्रहण के बाद एक्सप्रेसवे निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। अनुपूरक बजट में नोएडा के हेल्थ सेक्टर को भी प्राथमिकता दी गई है। चाइल्ड पीजीआई नोएडा और ग्रेटर नोएडा में प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के लिए भी बजट आवंटित किया गया है, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। गंगा लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, यमुना सिटी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे न केवल औद्योगिक और निवेश गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

## मनरेगा के मूल उद्देश्य को कमजोर कर रहा केंद्र, किसान मजदूर संघर्ष समिति ने लगाए आरोप



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान मजदूर संघर्ष समिति (केएमएससी) के नेता सतनाम सिंह पन्नू ने मंगलवार को आरोप लगाया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को कमजोर किया जा रहा है और ग्रामीण एवं श्रमिक वर्ग के परिवारों के लिए आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मूल उद्देश्य से भटकाया जा रहा है। पन्नू ने कहा कि 2005 में शुरू होने के बाद से एमजीएनआरईजीए एक अधिकार-आधारित कार्यक्रम के रूप में कार्य करता रहा है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा किए गए हालिया परिवर्तनों ने इसकी संरचना को बदल दिया है। उन्होंने देश भर में जारी किए गए 26 करोड़ जॉब कार्डों के आधिकारिक आंकड़ों का हवाला दिया, जिनमें से 12 करोड़ लाभार्थियों को लाभ मिला है। पंजाब में 20 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से 11 लाख श्रमिकों को रोजगार मिला है।

पन्नू ने कहा कि देश भर में इस योजना के तहत लगभग 26 करोड़ जॉब कार्ड जारी किए गए हैं, जिनमें से लगभग 12 करोड़ लाभार्थियों को रोजगार मिला है। अकेले पंजाब में ही लगभग 20 लाख जॉब कार्ड जारी किए गए हैं और लगभग 11 लाख श्रमिकों को एमजीएनआरईजीए के तहत काम मिल रहा है। हालांकि, यह आरोप लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार ने एमजीएनआरईजीए की संरचना में मौलिक रूप से बदलाव किया है और इसे एक नए रूप में पेश किया है, जिससे इसके मूल उद्देश्यों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने दावा किया कि ÷केंद्र सरकार ने ग्राम सभाओं और पंचायतों की शक्तियां छीन ली हैं, जो पहले गांवों में विकास कार्यों का निर्णय करती थीं।

# बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न अपनी राजनैतिक रोटियां सेंकने में जुटी महबूबा

### -हिजाब से जोड़कर आपत्तिजनक बयान दिया

**जम्मू (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न पर चिंता जताने के नाम पर पीडीपी अध्यक्ष और पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने जिस तरह भारत के लोकतांत्रिक ताने-बाने और कानून-व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया हैं वहां आपत्तिजनक है। सबसे पहले सच्चाई यहां हैं कि भारत में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कोई खोखला नारा नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व है। किसी भी धर्म, जाति या समुदाय के खिलाफ अपराध होता है, तब उसके लिए कानूनी प्रक्रिया मौजूद है, एफआईआर से लेकर न्यायालय तक सबकुछ देश में मौजूद है। छिटपुट घटनाओं को लेकर पूरे देश को 'नैतिक दुविधा' में



बताना, दरअसल भारत की संस्थाओं और लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

इसके उलट महबूबा का यह कहना कि भारत का नेतृत्व 'नैतिक दुविधा' में है, दरअसल राजनीतिक एजेंडे की बू देता है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के सिंदूर लगाने तक से डरने की खबरें आई हैं, इसके बाद अपेक्षा थी कि मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर रह चुकीं महबूबा मुफ्ती कड़े शब्दों में बर्बरता की निंदा करेंगी और पीड़ितों के साथ खड़ी होंगी। लेकिन महबूबा ने राजनैतिक रोटियां सेंकते हुए भारत के भीतर हिजाब से जुड़ी बहस से जोड़ दिया। यह तुलना न सिर्फ असंगत है, बल्कि एक तरह से बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को तर्कों की आड़ में जायज ठहराने जैसा प्रतीत होती है। महबूबा को याद रखना चाहिए कि भारत में हिजाब या किसी भी धार्मिक प्रतीक को लेकर बहसें न्यायालयों और संवैधानिक दायरे में होती हैं। यहां कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई होती है, चाहे वे किसी भी धर्म से हों। इसके विपरीत, बांग्लादेश में अल्पसंख्यक महिलाओं को उनकी पहचान के कारण डर में जीने पर मजबूर किया जा रहा है। दोनों स्थितियों को एक ही तराजू पर तौलना गलत है।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बांग्लादेश से आ रही खबरें बहुत परेशान करने वाली हैं, जिसमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर बाहर निकलने से डरती हैं।'' महबूबा ने कहा कि अपने देश का नेतृत्व नैतिक दुविधा में है क्योंकि यहां ''अराजक तत्व मुस्लिम महिलाओं का हिजाब जबरदस्ती उतार रहे हैं। उन्होंने कहा, ''दुख की बात है कि भारतीय नेतृत्व को बांग्लादेशी अधिकारियों के सामने गंभीर मुद्दे को उठाने में एक नैतिक दुविधा का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि देश में ही कुछ अराजक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरदस्ती उतारते देखे जा रहे हैं। कट्टरपंथियों से भरी इस दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और गरिमा के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा?

## राज्यसभा में और घटेगी विपक्ष की ताकत, 75 सीटों पर चुनाव, अधिकांश में एनडीए

नई दिल्ली (एजेंसी)। नए वर्ष में राज्यसभा की 75 सीटें रिक्त हो रही हैं। जिन पर चुनाव के बाद जहां सत्ता पक्ष की ताकत बढ़ेगी, वहीं विपक्ष की ताकत और घट जाएगी। वर्तमान में राज्यसभा में एनडीए की 129 सीटें हैं, जबकि विपक्षी दलों के 78 सांसद हैं। हाल ही में बिहार सहित अन्य राज्यों में एनडीए को मिली प्रचंड जीत के बाद हो रहे चुनाव में अधिकांश सीटों पर एनडीए की जीत लगभग तय है। इससे लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी एनडीए ताकतवर बनकर उभरेगी। अगले वर्ष बिहार, उत्तरप्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के साथ कई पूर्वोत्तर के राज्यों की सीटें भी खाली होने वाली हैं। इनमें से कई राज्यों में एनडीए का पलड़ा भारी है।

**इनका कार्यकाल खत्म-** अगले वर्ष 2026 में जिन दिग्गज नेताओं का कार्यकाल खत्म हो रहा है उनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, दिग्विजय सिंह, शरद पवार और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, बीएल वर्मा, रवनीत सिंह बिट्टू और जॉर्ज कुरियन शामिल हैं।

# सरकार मनरेगा का नाम बदलकर नए प्रयोगों से गरीबों का हक कम कर रही: सचिन पायलट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने मनरेगा का नाम बदलने का विरोध किया और कहा कि नया विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी ग्रामीण रोज़गार योजना को खत्म कर देगा। पायलट ने तर्क दिया कि नई योजना ग्रामीण रोजगार के अधिकार मनरेगा को कमजोर कर सकती है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार मनरेगा जैसे स्थापित ढांचे के बजाय नए प्रयोगों से गरीबों का हक कम कर रही है।

कांग्रेस महासचिव पायलट ने केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण रोजगार कानून 'मनरेगा' का नाम बदले जाने को 'ऐतिहासिक गलती' और 'सबसे वंचित लोगों' की आजीविका के अवसरों पर एक सुनियोजित हमला करार दिया है। उन्होंने केंद्र में सत्तारूढ़ बीजेपी पर नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं-सोनिया गांधी और राहुल गांधी को झूठा फंसाकर लगातार 'राजनीतिक प्रतिशोध' लेने का भी आरोप लगाया।

पायलट ने कहा कि भारत सरकार ने एक



ऐतिहासिक गलती की है। आजादी के बाद इतिहास में पहली बार राष्ट्रपिता के नाम पर शुरू की गई किसी योजना या कार्यक्रम का नाम बदला गया है। भारत में ग्रामीण भारत की वित्तीय सुरक्षा के लिए मनरेगा नामक जो एकमात्र नेटवर्क था उसे सरकार ने पूरी तरह नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा को राज्य सरकारों, हितधारकों और नागरिक संस्था से बिना किसी चर्चा के रद्द कर दिया गया है और संसद का इस्तेमाल 'बहुमत की ताकत' दिखाने और कानून को जबरदस्ती पारित कराने के लिए किया गया।

बीजेपी पर 2014 में सत्ता में आने के बाद से ही कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को नेशनल हेराल्ड मामले में फंसाकर 'राजनीतिक प्रतिशोध' लेने का आरोप लगाते हुए पायलट ने कहा कि कोर्ट ने कहा है कि वह ईडी द्वारा दायर मामले का संज्ञान नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश से यह स्पष्ट हो जाता है कि मामला राजनीतिक रूप से प्रेरित था...हम निर्दोष साबित हुए हैं।

इसके अलावा कांग्रेस की कर्नाटक यूनिट में पावर स्ट्रगल की अटकलों को कम करते हुए पायलट ने कहा कि सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी के शिवकुमार पूरी तालमेल से काम कर रहे हैं और पार्टी हाई कमान द्वारा लिया गया कोई भी फैसला सभी को मंजूर होगा। बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए जब डिप्टी सीएम शिवकुमार उनके बगल में बैठे थे, तो पायलट ने अंदरूनी कलह की बातों को खारिज कर दिया। पायलट ने कहा कि जब राज्य कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया को अपना बड़ा भाई कहा है और सीएम कहते हैं कि वह शिवकुमार मेरे छोटे भाई हैं, तो बात वहीं खत्म हो जाती है।

## ममता का आरोप बोली- भाजपा बंगाल के डेढ़ करोड़ मतदाताओं को वोट से वंचित करना चाहती है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा डेढ़ करोड़ मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश कर रही है, जो लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने जैसा है। उन्होंने दावा किया कि बर्दवान में बाहर के राज्यों, खासकर बिहार से मोटरसाइकिलें लाई जा रही हैं और चुनाव के लिए बाहरी लोगों को लाने की कोशिश हो रही है। ममता ने कहा कि एसआईआर को लेकर सभी बीएलए को स्थानीय विधायक, पार्षद और ब्लॉक अध्यक्षों से सलाह करनी चाहिए।

बनर्जी ने कोलकाता में आयोजित पार्टी बैठक में कहा कि चुनाव आयोग अब स्वतंत्र संस्था की तरह काम नहीं कर रहा, बल्कि भाजपा के निर्देशों पर चल रहा है। चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची तैयार करने में भारी स्तर पर गलतियां हुई हैं। उन्होंने



साफ चेतावनी दी कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो पार्षद और पार्टी कार्यकर्ता निष्क्रिय रहेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बूथ स्तर के एजेंटों को सतर्क रहने और मतदाताओं की रक्षा करने का निर्देश दिया। ममता ने आरोप लगाया कि यह प्रक्रिया जानबूझकर की जा रही है ताकि खास समुदायों के वोट छीने जा सकें।

ममता बनर्जी ने एसआईआर को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए कहा कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए प्रशासनिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। ममता ने केंद्र से भेजे गए माइक्रो ऑब्जर्वरों की नियुक्ति पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों को स्थानीय भाषा और हालात की समझ नहीं है, जिससे आम मतदाताओं को परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ममता ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। बनर्जी ने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह बिना बंगाल सरकार को जानकारी दिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर रही है और भाजपा के हित साध रही है। उन्होंने कहा कि केवल टीएमसी के कार्यकर्ता ही राज्य में भाजपा की पैठ रोक सकते हैं।

# 2025 में पीएम मोदी ने की 23 देशों की 11 विदेश यात्राएं, कोविड के बाद सर्वाधिक दौरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की अपनी चार दिवसीय महत्वपूर्ण विदेश यात्रा संपन्न कर स्वदेश लौटे हैं। इस यात्रा का सबसे प्रमुख पहलू ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर करना रहा। यह दौरा न केवल द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दृष्टि से अहम था, बल्कि इसने चालू वर्ष 2025 को प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के लिहाज से एक ऐतिहासिक साल बना दिया है। उपलब्ध सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष प्रधानमंत्री ने कुल 11 विदेश यात्राएं कीं, जिनके माध्यम से उन्होंने 23 देशों का दौरा किया और लगभग 42 दिन विदेशी धरती पर व्यतीत किए।

वर्ष 2015 के बाद यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री की वैश्विक सक्रियता इस स्तर पर देखी गई है। अगर पिछले रिकॉर्ड्स पर नजर डालें, तो 2015 में उन्होंने 13 यात्राओं के दौरान 28 देशों का दौरा किया था और 54 दिन विदेश में बिताए थे। उस वर्ष के बाद, 2025 उनके कार्यकाल का सबसे सक्रिय और व्यापक विदेश दौरों वाला वर्ष साबित हुआ है। इस साल की विदेश नीति में एक स्पष्ट रणनीतिक बदलाव भी देखने को मिला है। मई माह के बाद, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के उपरांत, इन दौरों की आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इन यात्राओं के पीछे ठोस आर्थिक और रणनीतिक कारण निहित रहे हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, जब चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए हैं, भारत के लिए इनके वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करना अनिवार्य हो गया था। प्रधानमंत्री के दौरों का एक बड़ा लक्ष्य इन संसाधनों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना रहा। इसके साथ ही, अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के बाद, भारत को अपने निर्यात बाजार में विविधता लाने की तत्काल आवश्यकता थी। ओमान और अन्य अफ्रीकी व मध्य-पूर्वी देशों के साथ हुए समझौते इसी दिशा में उठाए गए कदम हैं, ताकि भारतीय उत्पादों के लिए नए और सुरक्षित बाजार तैयार किए जा सकें।

प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में आई इस तेजी का एक अन्य कारण घरेलू राजनीतिक कैलेंडर भी रहा। वर्ष 2024 की तुलना में, जब लोकसभा चुनावों के साथ-साथ कई बड़े राज्यों में विधानसभा चुनाव थे, वर्ष 2025 में चुनावी व्यस्तताएं अपेक्षाकृत कम रहीं। केवल दिल्ली और बिहार जैसे राज्यों में चुनाव होने के कारण प्रधानमंत्री को अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिए अधिक समय मिल सका। तुलनात्मक रूप से देखें तो उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत में कोविड-19 महामारी के कारण अंतरराष्ट्रीय यात्राएं लगभग थम सी गई थीं। वर्ष 2020 में जहां कोई यात्रा नहीं हुई, वहीं 2021 और 2022 में भी वैश्विक प्रोटोकॉल के चलते सक्रियता सीमित रही। अब, सामान्य होते हालातों और बदलती वैश्विक आर्थिक व्यवस्था के बीच, ये हालिया दौरे भारत को एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने की कोशिश के रूप में देखे जा रहे हैं।




# बूंदी में चाइनीज मांझे का कहर: युवक की पलक कटी, 70 टांकों से बची जान

## बूंदी मेडिकल कॉलेज में जटिल पलक सर्जरी सफल, डॉ. आशीष व्यास का जीवनरक्षक प्रयास

स्मार्ट हलचल|बूंदी

शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का खतरनाक रूप एक बार फिर सामने आया है। बाइक से जा रहे एक युवक की आंख की पलक चाइनीज मांझे से कट गई। हादसा इतना गंभीर था कि युवक की पलक के साथ माथे की त्वचा भी पूरी तरह कट गई और आंख के आसपास की मांसपेशियां, रक्तवाहिनियां और नसें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। समय रहते उपचार मिलने से युवक की जान बच सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपुरा क्षेत्र, जिला बूंदी निवासी बाबूलाल सैनी (पिता सत्यनारायण सैनी), जो पेशे से हलवाई का कार्य करते हैं, बाइक से दुर्गापुरा के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क पर फैले चाइनीज मांझे की चपेट में आने से यह हादसा हो गया।



मांझा तेज धार वाला होने के कारण पलक से होते हुए कटाव दोनों भौंहों तक और आंख के गोले के पास तक पहुंच गया। दुर्घटना के समय अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे युवक की हालत नाजुक हो गई।

घायल को तत्काल बूंदी मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां प्लास्टिक सर्जन डॉ. आशीष व्यास के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने तुरंत उपचार शुरू किया। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हो गया कि यह एक अत्यंत जटिल और जोखिमपूर्ण मामला है, जिसमें पलक के साथ-साथ आसपास की मांसपेशियों और नसों का पुनर्निर्माण आवश्यक है। डॉ. व्यास और उनकी टीम ने मरीज की स्थिति को स्थिर करने के बाद करीब दो घंटे तक चली सूक्ष्म सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। सर्जरी के दौरान लगभग 70 टांके लगाकर पलक, माथे की त्वचा और क्षतिग्रस्त मांसपेशियों का पुनर्निर्माण किया गया। डॉक्टरों की सावधानी और तकनीकी दक्षता के चलते आंख और पलक की क्रियाशीलता को काफी हद तक बहाल किया जा सका।

फिलहाल मरीज की हालत स्थिर बताई जा रही है और वह तेजी से स्वस्थ होने की दिशा में बढ़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचना और सही उपचार मिलना इस मामले में निर्णायक साबित हुआ, अन्यथा आंख की रोशनी जाने का भी गंभीर खतरा था। यह घटना एक बार फिर चाइनीज मांझे के जानलेवा खतरे की ओर इशारा करती है। प्रशासन द्वारा इस पर प्रतिबंध के बावजूद बाजार में इसकी उपलब्धता और खुलेआम उपयोग आमजन की जान के लिए खतरा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। बूंदी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की तत्परता और कुशल सर्जरी से जहां एक युवक की जान बची, वहीं यह मामला चाइनीज मांझे के खिलाफ जनजागरूकता और कड़े कदम उठाने की जरूरत को भी रेखांकित करता है।

# भीलवाड़ा जिले में 2 हजार 615 किमी सड़कें और 590 बसावटों को जोड़ा

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से 25 वर्षो में प्रदेश में 75 हजार किमी सड़कों का निर्माण किया गया। 15983 बसावटों/गांवो को ऑलवेदर पक्की सड़कों से जोड़ा गया। इस अवधि में भीलवाड़ा जिले में लगभग 545 करोड़ रूपये की लागत से 2 हजार 615 किमी सड़कों का निर्माण किया गया, जिसके अन्तर्गत 590 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ा गया हैं। गौरतलब हैं कि 25 दिसम्बर 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 25 वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के रूप में भारत के असंबद्ध गांवों को सड़क से जोड़ने की नींव रखी थी। सा.नि.वि. वृत के अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भीलवाड़ा जिले में किये गये विकास कार्य में प्रथम



चरण में जिले में लगभग 385.17 करोड़ रूपये की लागत से 2 हजार 214.76 किमी लम्बाई की सड़कों का निर्माण कर 543 बसावटों को ऑलवेदर पक्की सड़कों से जोड़ा गया। योजना के दूसरे चरण में जिले में 43.25 करोड़ रूपये की लागत से 147.28 किमी लम्बाई की सड़कों का चौड़ाईकरण सुदृढ़ीकरण कार्य करवाया गया। तीसरे चरण में अब तक जिले में 116.54 करोड़ रूपये की लागत से 253 किमी की 30 सड़कों का चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया गया हैं।

### चौथे चरण के लिए 1638 बसावटें चिन्हित

योजना के चौथे चरण में प्रदेश की 1638 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़े जाने के लिए चिन्हित किया गया हैं एवं भीलवाड़ा जिले में 5 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़े जाने के लिए चिन्हित किया गया हैं। प्रथम फेज में 1216 बसावटों के लिए सड़क व एक पुल का निर्माण करवाया जायेगा एवं भीलवाड़ा जिले में 4 बसावटों के लिए सड़क का निर्माण करवाया जायेगा। प्रथम फेज में लगभग 2 हजार 89 करोड़ रूपये की लागत से 3 हजार 219 किमी नई सड़कों का निर्माण करवाया जायेगा एवं भीलवाड़ा जिले में 6.42 करोड़ रूपये लागत से 6.60 किमी नई सड़कों का निर्माण करवाया जायेगा।

# करेड़ा नायब तहसीलदार चौहान को किया एपीओ

स्मार्ट हलचल|करेड़ा

ब्यावर से भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत की बेटी करेड़ा नायब तहसीलदार कंचन चौहान को एपीओ किया गया है जानकारी के अनुसार राजस्व मंडल ने मंगलवार शाम को प्रशासनिक कारणों का हवाला देते हुए इसका आदेश जारी किया है। इस दौरान वह अपनी उपस्थिति राजस्व मंडल, अजमेर में दर्ज कराएंगी। कंचन बतौर नायब तहसीलदार करेडा में तैनात थी

कंचन चौहान आरएएस-2018 बैच की हैं। सिलेक्शन के बाद उन पर गंभीर आरोप लगे थे। कहा गया था कि कंचन ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर नियुक्ति पाई है व्यावर के फनीश सोनी ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से नौकरी पाने की मुख्यमंत्री और एसओजी से शिकायत की थी। राज्य सरकार ने बाकायदा जांच एसओजी को सौंपी थी।



### लगातार विवादतो मे रही चौहान

नायब तहसीलदार कंचन चौहान करेड़ा में जॉइनिंग के बाद उन्हें करेड़ा का कार्यवाहक तहसीलदार पद का चार्ज दिया गया जहाँ पर वो लगातार विवादतो मे रही कई बार ग्रामीणों ने उनकी कार्यशैली को लेकर उपखंड अधिकारी को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी दिया साथ ही उन्हें करेड़ा से हटाने व कार्यवाही करने की मांग को लेकर करेड़ा पटवार संघ ने उपखंड कार्यालय के बाहर धरना भी दिया था।

# सवाईपुर व सालरिया सड़क कोठरी नदी पुलिया निर्माण आधा अधुरा, दुर्घटनाओ को देता अंजाम

### बाइक सवार के सिर में धंसा सरिया

स्मार्ट हलचल | सांवर वैष्णव

**सवाईपुर।** राज्य सरकार द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से पुलिया निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग ठेकेदार द्वारा सवाईपुर व सालरिया सड़क पर कोठारी नदी पर पुलिया निर्माण अप्रैल माह में निर्माण शुरू किया, शुरुआत में तीव्र गति से चला, पुलिया पर एक तरफा आरसीसी सड़क निर्माण कर दिया लेकिन एक तरफा कार्य छोड़ दिया, छोड़े गए आरसीसी सड़क से निकला सरिया राहगीरों के लिए खतरा बना



हुआ जो बुधुवार दोपहर बाद एक बाइक सवार को चपेट में लिया । बाइक सवार गिरने से कर्मवीर उम्र 20 वर्ष के सिर में सरिया घुसने से अचेत हो गया, जिसका 108 की मदद से सवाईपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाकर जिला चिकित्सालय भर्ती करवाया । प्रहलाद सिंह ने बताया कि सवाईपुर व सालरिया सड़क कोठारी नदी पुलिया आधा अधुरा बनाकर छोड़ने से आए दिन राहगीर दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं, जिनकी ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद नही ली जा रही है । बुधवार को दोपहर दो बजे कर्मवीर बाइक से सवाईपुर की और जा रहा था कि हादसा हो गया । एक तरफा बनी आरसीसी सड़क से निकले सरिए एक तरफा गड्ढे मय सड़क पर अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से बाइक सवार कर्मवीर के सिर में सरिए एवम अन्य चोट से घायल हो गया, जिसकी सूचना 108 पर दी गई । घायल का सवाईपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाकर जिला चिकित्सालय भर्ती करवाया गया । सार्वजनिक निर्माण विभाग से पुरजोर मांग है कि पुलिया निर्माण अतिशीघ्र शुरू करावे जिससे दिन रात चलने वाले राहगीरों को जान जोखिम से राहत मिल सके।

# ट्रेक्टर ट्रॉली चोरी के दो आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार




स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

बिजौलिया थाना पुलिस ने उन दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की है जिन्होंने ट्रेक्टर ट्रॉली चुराया था आरोपी फतेहाबाद हरियाणा में छिपे बैठे थे पुलिस ने 100 से ज्यादा सीसी कैमरे की फुटेज खंगाले और रूट मैप तैयार किया तकनीकी सहायता लेकर 37 वर्षीय गोपाल बंजारा और 24 वर्षीय मंगल सिंह बंजारा को गिरफ्तार करने में कामियाबी हासिल की । थाना प्रभारी स्वागत पांड्या ने बताया की एसपी धर्मेंद्र सिंह द्वारा चोरी नकबजनी में फरार और वांछित अपराधियो की धरपकड़ करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दोनो आरोपियों को टीम बनाकर गिरफ्तार किया । आरोपियों में 11 दिसंबर की रात को बिजोलिया क्षेत्र में पेट्रोल पंप के बाहर खड़ी ट्रेक्टर ट्रॉली चुराई थी इस संबंध में प्रार्थी गोपाल प्रजापत ने चोरी का मामला दर्ज करवाया था । पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ चल रही है ताकि और किन चोरी की घटनाओं में आरोपी शामिल है इस बात पता लगाया जा सके।

# आस्था पर प्रहार: खजूरी के चारभुजा मंदिर से चांदी का हाथी चोरी

## मुख्य पुजारी ने दी चोरी की सूचना, शकरगढ़ पुलिस ने बाजार के कैमरों से शुरू की चोरों की तलाश



स्मार्ट हलचल|खजूरी/जहाजपुर

जहाजपुर तहसील के खजूरी उप-तहसील स्थित प्राचीन चारभुजा मंदिर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर मंदिर के गर्भगृह से भगवान के श्रृंगार में प्रयुक्त होने वाला चांदी का हाथी चुरा ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए।

बुधवार को मंदिर के मुख्य पुजारी गौरव वैष्णव जब मंदिर पहुँचे, तो उन्हें आभूषण गायब मिले। चांदी का हाथी अपनी जगह पर नहीं होने से पुजारी के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना ग्रामवासियों को दी, जिसके बाद ग्रामीणों ने शकरगढ़ थाने को सूचित किया।

### जांच में बाधा बना खराब सीसीटीवी:

सूचना मिलते ही शकरगढ़ थाना प्रभारी पूरणमल मीणा मय जाब्ता बुधवार शाम करीब 4:00 बजे मौके पर पहुँचे। पुलिस ने मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया, लेकिन मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे खराब होने के कारण वारदात का कोई लाइव फुटेज नहीं मिल सका। सुराग न मिलने पर पुलिस ने अब गांव के मुख्य बाजार और आसपास के रास्तों पर लगे निजी सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी मीणा ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि पुलिस की टीमें सक्रिय हैं और चोरों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मिली लाश, शरीर पर चोट के निशान, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



स्मार्ट हलचल|करेडा

थाना क्षेत्र की चावंडिया ग्राम पंचायत के डागं का खेडा गावं में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से सनसनी फैल गई वहीं मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। जिस पर परिजनो ने हत्या का आरोप लगाया लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 6 घंटे तक पोस्टमार्टम के लिए सहमति नहीं देते हुए करेड़ा थाने मे प्रदर्शन किया। मृतक के पिता मांगी लाल कुमावत ने थाने मे दी रिपोर्ट मे बताया की डागं का खेडा निवासी जगदीश पिता मांगी लाल कुमावत 38 वर्ष मंगलवार शाम को मोटरसाइकिल से खेत पर गया जो काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजनो



ने फोन किया । मगर फोन बंद आने से परिजन खेत पर जगदीश को ढूंढने गए तो गावं के बाहर तालाब व सरकारी कुए के पास जगदीश कुमावत की लाश औथे मुहं पड़ी मिली व शरीर पर चोट के निशान थे। वहीं कुछ दूरी पर बाइक भी मिली। घटना की सूचना मिलते ही देर रात को सहायक उपनिरक्षक रेवत सिंह जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और शव को करेडा मोरचरी मे रखवाया ।दूसरी और घटना की जानकारी मिलते ही बुधवार सुबह बडी सख्या मे ग्रामीण पुलिस थाना के बाहर जमा हो गए और मृतक के कॉल डिटेल व आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन करने लग गए जब तक मांगी नहीं मानी जाएगी तब तक शव के पोस्टमार्टम नहीं करने दिया जायेगा । वहीं घटना की सूचना पर आसींद पुलिस उपाधिक्षक ओम प्रकाश सोलंकी भी मोके पर पहुँचे और परिजनों व ग्रामीणों से वार्ताकर जल्द निष्पक्ष जाँच कर जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने के आश्वासन दिया जिस पर ग्रामीण व परिजन माने और सात घंटे की समझाइश के बाद ग्रामीण माने और शव का पोस्टमार्टम शुरु हुआ वही दूसरी और पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करते हुए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जाचं शुरू कर दी। इधर दोपहर बाद पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश सोलंकी ने भी घटना स्थल का मौका मुआयना किया तो वहीं जिला मुख्यालय से भी एफ एस एल टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए।

# आज से प्रदेश के सभी विद्यालयों में शीतकालीन अवकाश

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा सहित प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में आज से शीतकालीन अवकाश शुरू होने जा रहा है। हालांकि अभी तक कई स्कूलों में बच्चों का सिलेबस पूरा नहीं हो पाया है, जबकि फरवरी माह से वार्षिक परीक्षाएं शुरू होनी हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों की पढ़ाई पूरी करवाने के लिए शीतकालीन अवकाश के दौरान स्कूल खोलने की छूट दी जा सकती है। जानकारी के अनुसार एक्स्ट्रा क्लास के नाम पर विद्यालय खोले जा सकते हैं, लेकिन इसके लिए अभिभावकों की स्वीकृति अनिवार्य होगी। सूत्रों के मुताबिक शिक्षा विभाग इस संबंध में जल्द ही आदेश जारी कर सकता है।

# दुकान में चोरी की वारदात को करने वाले शातिर चोर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

बिगोद थाना पुलिस ने चोरो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है । बिगोद मे दुकानों मे हुई नकबजनी की वारदात का पुलिस ने खुलासा किया है और चोरी करने वाले आरोपी रवि बैरागी, राजू भील को गिरफ्तार किया है । साथ ही घटना मे प्रयुक्त ईको वैन व माल को किया बरामद किया । एसपी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा जिले मे हो रही चोरियों के खिलाफ कार्यवाही एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु समस्त थानाधिकारी जिला भीलवाडा को निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में चोरी/नकबजनी की वारदात की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत एएसपी पारस जैन भीलवाडा के निर्देशन व बाबूलाल विष्नोई आर.पी.एस. सी.ओ. वृत माण्डलगढ के सुपरवीजन में और थानाधिकारी बिगोद जय सुल्तान के नेतृत्व मे एक विशेष टीम का गठन किया गया । पुलिस के अनुसार 21 दिसंबर 250 को प्रार्थी नंदकिषोर पिता लक्ष्मण दास सिंधी निवासी बिगोद थाना बिगोद जिला भीलवाडा ने रिपोर्ट दी ओर बताया की 20.12.2025 को रात्री करीब 09.15 बजे मैं प्रार्थी अपनी दुकान बढाकर लॉक करके अपने घर पर आ गया था। रात्री के समय कोई अज्ञात बदमाशान मेरी दुकान के शटर को तोडकर दुकान में घुस गये और दुकान मे से किराणे



का सामान तथा नगद राषी चुराकर ले गये । एवं कस्बा बिगोद मे उसी रात्रि को मेडिकल शॉप व मोटर शॉप मे भी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात कि गई । मै सुबह दुकान पर गया तब घटना की जानकारी हुई उक्त घटना से करीब 2 लाख रुपये का नुकसान हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की । मामले में तकनीकी विश्लेषण के आधार पर व परम्परागत पुलिसिंग करते हुये सूचना एकत्रित की गई तथा मुखबीर की सूचना मिली और जांच में नकबजनी की वारदात कारित करने मे प्रयुक्त वैन मय

आरोपी रवि बैरागी पिता उदयलाल उम्र 25 साल निवासी सांवरिया सेठ मन्दिर के पास, प्रेम नगर 3 उघोग पूरी कोटा, थाना उघोग नगर जिला कोटा और राजू पिता जमनालाल भील उम्र 26 साल निवासी काल भैरव मंदिर के पास, प्रेम नगर 3 उघोग पूरी कोटा, थाना उघोग नगर जिला कोटा को डिटेन किया और पुछताछ के बाद गिरफतार कर लिया और आरोपियों की निशानदेही पर चोरी का माल बरामद किया गया ।

# बापू नगर बंजारा बस्ती के परिवारों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन नगर विकास न्यास पर वादा खिलाफी का आरोप, पट्टे की मांग

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

भीलवाड़ा। पुर रोड स्थित बापू नगर की बंजारा बस्ती के निवासियों ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट पर उग्र प्रदर्शन किया। करीब 50 वर्षों से वहां रह रहे गरीब और श्रमिक परिवारों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर नगर विकास न्यास के अधिकारियों पर प्रताड़ना का आरोप लगाया और अपने आशियाने के लिए पट्टे जारी करने की मांग की।

### 22 साल पुराना है आश्वासन का मामला

बस्तीवासियों ने बताया कि वे लंबे समय से यहां निवास कर रहे



हैं। वर्ष 2002 में नगर विकास न्यास ने उनके पुराने कच्चे मकानों को यह कहकर तोड़ा था कि उन्हें पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। उस समय कुल 44 कच्चे मकानों के स्थान पर न्यास ने केवल 29 मकानों का निर्माण कराया, जबकि शेष 15 परिवारों ने प्रशासन के भरोसे खुद के स्तर पर मकान बना लिए।

### पट्टा न मिलने से अधर में भविष्य

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि तत्कालीन यूआईटी चेयरमैन लक्ष्मीनारायण डाड ने सभी परिवारों को पट्टा जारी करने का आश्वासन दिया था। आज दो दशक बीत जाने के बाद भी इन 15 परिवारों को पट्टे नहीं मिले हैं, जबकि उनके पास बिजली बिल, आधार कार्ड, राशन कार्ड और श्रमिक डायरी जैसे पुख्ता दस्तावेजी प्रमाण मौजूद हैं।

### कियोस्क की आड़ में बेदखली का डर

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि अब यूआईटी के अधिकारी और कर्मचारी कियोस्क (चद्वश्वह्यद्म) बनाने का बहाना बनाकर उन्हें वहां से हटाने की धमकी दे रहे हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से बस्ती के मजदूर परिवारों में भारी रोष और मानसिक तनाव है।

### कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

बस्ती के निवासियों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि:

नगर विकास न्यास को तुरंत प्रभाव से पट्टे जारी करने के निर्देश दिए जाएं। कियोस्क के नाम पर परिवारों को उजाड़ने की कार्रवाई पर तुरंत रोक लगाई जाए। तत्कालीन चेयरमैन लक्ष्मी नारायण डाड द्वारा दिए गए आश्वासन को लागू कर गरीब परिवारों को राहत प्रदान की जाए। निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें जल्द न्याय नहीं मिला और पट्टे जारी नहीं किए गए, तो वे अपने हक के लिए आंदोलन को और तेज करेंगे।

# सरपंच पति के हौसले बुलंद, सच लिखने की कीमत चुकाता पत्रकार, दिनदहाड़े रास्ता रोककर किया हमला, मामला दर्ज

## एससी-एसटी केस में फंसाने की धमकी, पत्रकारों में रोष

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

गांव की सत्ता, रसूख और दबंगई जब सिर चढ़कर बोलने लगे तो लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी निशाने पर आ जाता है। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला फुलियाकलां थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां रात्रि चौपाल की खबर प्रकाशित करना एक पत्रकार को भारी पड़ गया। सरपंच पति के हौसले इस कदर बुलंद हो गए कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पत्रकार पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला कर दिया और खुलेआम कहा तेरी पत्रकारिता आज निकाल देता हूं। संवाददाता सत्यनारायण टेलर निवासी नई-अरवड ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि दिनांक 17 दिसंबर 2025 को ग्राम अरवड में आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम का उन्होंने नियमानुसार कवरेज किया, जो समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। इसी खबर से बौखलाए रामलाल पिता माधुलाल गुर्जर निवासी सरदारपुरा ने पहले फोन कर ऐलानिया धमकी दी कि वह



उसकी खबरें क्यों छापता है और उसे उसकी औकात' दिखाएगा।

धमकियों के बाद दबंगई ने हिंसक रूप ले लिया। दिनांक 24 दिसंबर 2025 को सुबह करीब 9.30 बजे, जब पत्रकार अपने काम से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, तभी रामलाल गुर्जर अपने साथियों ईश्वर गुर्जर, गोपा रेगर, रामप्रसाद रेगर व महाबीर खारोल के साथ एक राय होकर पहुंचा और रास्ता रोक लिया। आरोप है कि रामलाल ने पत्रकार का कॉलर पकड़ते हुए कहा बहुत खबरें छापता है, आज तुझे सबक सिखा देता हूं, तेरी जिंदगी खराब कर दूंगा।' इसके बाद आरोपितों ने लात-घूंसे बरसाए, गले व कंधे पर चोट मारी, हाथ पर दांत से काटा और पेट में भी गंभीर चोट पहुंचाई।

मारपीट के बाद भी दबंगों का हौसला नहीं थमा। आरोपितों ने जाते-जाते पत्रकार को धमकाया कि यदि इस घटना की रिपोर्ट थाने में दी तो उसके खिलाफ झूठा एससी-एसटी एक्ट का मामला दर्ज करवा दिया जाएगा और वह सारी जिंदगी पत्रकारिता करना भूल जाएगा। खुद को 'बड़ी गैंग' का आदमी बताते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई।

घटना के बाद घायल पत्रकार ने पुलिस थाना फुलियाकलां पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2), 126(2) व 189(2) में मामला दर्ज कर लिया है। ष्टष्ट'ह्स के माध्यम से एफआईआर दर्ज कर जांच थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

इस घटना ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि यह भी उजागर कर दिया है कि गांवों में सत्ता की आड़ लेकर किस तरह सच लिखने वालों को डराने-धमकाने की कोशिश की जा रही है। पत्रकार संगठनों में घटना को लेकर भारी आक्रोश है और दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। मामला अब सिर्फ एक पत्रकार पर हमला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की आज़ादी पर सीधा वार बन चुका है।

## करंट लगने से किसान की मौत, खेत में पिलाई के दौरान हुआ हादसा

स्मार्ट हलचल

**आसींद।** शम्भुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत कालियास गांव में खेत पर पिलाई के दौरान करंट लगने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार कालियास निवासी श्यामलाल भील अपने पुत्र कैलाश भील के साथ साझा खेत पर गेहूं की फसल की पिलाई करने गए थे। इसी दौरान श्यामलाल भील खेत पर लगे बोरवेल की मोटर चालू करने के लिए स्टार्टर पर गए, जहां अचानक उन्हें तेज करंट लग गया। करंट लगते ही वे मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े, उनके हाथ की उंगलियां भी झुलस गईं।

पुत्र कैलाश भील ने तुरंत मौके



पर पहुंचकर परिजनों की सहायता से उन्हें किराए के वाहन से रायला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया।

परिजनों ने शम्भुगढ़ थाने में रिपोर्ट पेश कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## गोचर भूमि अतिक्रमण को लेकर कोडलाई में उबाल, आंदोलन का ऐलान



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

बनेड़ा उपखंड के ग्राम कोडलाई में वर्षों से गोचर भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर अब सब्र का बाण टूट चुका है। बार-बार एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ तथा भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने और जनसुनवाई में मामला उठाने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे ग्रामीणों और गौ सेवकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

गौ सेवकों का आरोप है कि पिछले एक वर्ष से प्रशासन केवल आश्वासन देकर जनता को गुमराह कर रहा है, जबकि गोचर भूमि पर अवैध कब्जे यथावत हैं। अतिक्रमण के कारण गौ माता के सामने भुखमरी, दुर्घटनाओं और मृत्यु की स्थिति बन चुकी है, जिसे प्रशासन लगातार अनदेखा कर रहा है। हाल ही में बनेड़ा में आयोजित जनसुनवाई में समस्त ग्रामवासियों व गौ सेवकों ने एक स्वर में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त नहीं किया गया, तो वे धरना-प्रदर्शन और व्यापक जन आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे।

ग्रामीणों ने साफ कहा कि यह आंदोलन शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को उपखंड से जिला स्तर तक ले जाया जाएगा।

**अब कोडलाई के ग्रामीणों का एक ही सवाल है—**

क्या प्रशासन जागेगा या आंदोलन से ही न्याय मिलेगा?

शिवनंदन कुमावत, मोनू सिंह, दशरथ कुमावत, विनोद कुमावत, बाबू भोई, अरमान, ओर समस्त गौभक्त मौजूद थे।

## खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं: ओमप्रकाश नराणीवाल

**खेलों के साथ संस्कार एवं सांस्कृतिक शिक्षा भी आवश्यक है: राजेंद्र कुमार कचोलिया**

**श्री महेश शिक्षा सदन में स्पोर्ट्स कार्निवल संपन्न, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, रामायण आधारित नाट्य प्रस्तुति, नृत्य की दी प्रस्तुतियां**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** श्री महेश सेवा समिति के तत्वावधान में श्री महेश शिक्षा सदन यूपीएस विंग में आयोजित तीन दिवसिय राइज एंड रन स्पोर्ट्स कार्निवल 2025 का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश नराणीवाल ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करते हैं। सचिव राजेंद्र कुमार कचोलिया ने



बताया कि खेलों के साथ संस्कार एवं सांस्कृतिक शिक्षा भी आवश्यक है। उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल जाखेटिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उपाध्यक्ष सत्यनारायण मूंदड़ा ने कहा कि आध्यात्मिकता जीवन का महत्वपूर्ण आधार है और तुलसी पूजन जैसे कार्यक्रम बच्चों को परंपराओं से जोड़ते हैं। विद्यालय प्रभारी सुरेश काबरा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। संचालक सदस्य दिलीप तोषनीवाल ने कहा कि रामायण नाट्य प्रस्तुति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों में संस्कारों को मजबूत करते हैं। कार्निवल के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, रामायण आधारित नाट्य प्रस्तुति, नृत्य कार्यक्रम तथा 24 दिसंबर को आयोजित तुलसी पूजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

## 8 से 10 गांवों को तीन माह से नहीं मिल रहा चंबल का पानी



स्मार्ट हलचल

आसींद । क्षेत्र के 8 से 10 गांवों को बीते लगभग तीन महीनों से चंबल परियोजना का पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब तीन माह पूर्व खारी नदी में आई बाढ़ के दौरान प्रतापपुरा गांव के पास चंबल लाइन का पाइप टूट गया था। यह पाइप करीब 30 फीट लंबा बताया जा रहा है, लेकिन इतने लंबे समय बीत जाने के बावजूद आज तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की गई। प्रतापपुरा निवासी शंभू लाल गुर्जर ने बताया कि पानी की भारी किल्लत के चलते ग्रामीणों को मजबूरी में 1000 रुपये खर्च कर निजी टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इसी टंकी से आसपास के करीब 8 से 10 गांवों की पेयजल आपूर्ति होती है, लेकिन लाइन क्षतिग्रस्त होने से गांवों में पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है।ग्रामीणों का कहना है कि समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और चंबल विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। हैरानी की बात यह है कि पास से खारी नदी बह रही है, फिर भी ग्रामीण पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है और उन्होंने जल्द से जल्द पाइपलाइन दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति बहाल करने की मांग की है। इस मौके पर प्रकाश साहू, मोहन कुमावत, धन जी गुर्जर, शंभू लाल गुर्जर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## दक्षिण राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष कोगटा 'बेस्ट लीडरशिप अवार्ड' से सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला अधिवेशन अयोध्या में आयोजित हुआ। जिसमे आप की अदालत' कार्यक्रम में देशभर से चयनित पाँच प्रदेश अध्यक्षों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया गया। दक्षिण राजस्थान प्रदेश सचिव डॉ. सुशीला असावा ने बताया कि इस गौरवपूर्ण अवसर पर दक्षिणी राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा को उनके तीन वर्षों के कार्यकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्यों, निरंतर सामाजिक प्रयासों एवं बेस्ट परफॉर्मेंस जैसे सराहनीय योगदान के



लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त रामायण के माध्यम से समस्याओं के निराकरण हेतु मीनू झंवर, सुनिता जागेटिया, विकसित गाँवों के मॉडल प्रतियोगिता में मोना डाड व उनकी टीम को प्रथम स्थान, स्वरचित भजन प्रतियोगिता में वीणा मोदी, कृष्णा लढा एवं छवि भदादा को सांत्वना पुरस्कार, भगवान की पोशाक से बंदनवार निर्माण पर दमयंती लोहिया को सांत्वना पुरस्कार, सहयोग राशि प्रदान करने हेतु मानकवर काबरा को सम्मानित किया गया। इस दौरान कथक योगा भी किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड एवं राष्ट्रीय महामंत्री ज्योति राठी द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री ममता मोदानी, पश्चिमांचल से शिखा भदादा, कुंतल तोषनीवाल, मनोरमा कालिया, सरिता न्याति, जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया, मंजू गांधी, कृष्णा समदानी, जिला सचिव भारती बाहेती, रेखा असावा, विनिता डाड, चंदा नामधर, सरोज गट्टाणी, निशा काकाणी, सुनीता सोमानी, राखी राठी, सुधा चंडक, सपना अजमेरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि व महिला सदस्याए उपस्थित रही।

## एबीआरएसएम राजस्थान उच्च शिक्षा की इकाई बैठक संपन्न



स्मार्ट हलचल।बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को एबीआरएसएम राजस्थान उच्च शिक्षा की इकाई बैठक संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य एवं इकाई अध्यक्ष डॉ कन्हैया लाल मीणा द्वारा की गई । प्रवास प्रदेश सचिव डॉ काश्मीर भट्ट एवं जिला सचिव प्रवीण टांक का रहे ।अतिथियों द्वारा मां शारदा की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं एवं प्रस्तावों पर सुझाव एवं विचार आए । प्रदेश सचिव डॉ काश्मीर भट्ट ने संगठन का परिचय देते हुए अधिवेशन में अधिकाधिक संख्या में चलने का आव्हान किया । प्राचार्य डॉ मीणा ने अच्छी संख्या में भाग लेने हेतु सभी को प्रेरित किया । कार्यक्रम का संचालन इकाई सचिव सुबोध शर्मा द्वारा किया गया।

## मॉडल स्कूल बनेड़ा की तन्वी सिंह का राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर चयन

स्मार्ट हलचल। बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल की एक छात्रा तन्वी सिंह का स्कूली 19 वर्ष छात्रा ओपन साइट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु राजस्थान टीम सदस्य चयन प्रशिक्षण हेतु चयन हुआ। शारीरिक शिक्षक निशांत चौहान ने बताया की छात्रा प्रतियोगिता पूर्व प्रशिक्षण हेतु राउमावि नेगड़िया (देलवाड़ा) राजसमंद मे प्रशिक्षण लेगी उसके पश्चात दिनांक 5 से 9 जनवरी तक भोपाल( मध्यप्रदेश) मे आयोजित होने वाली



SGFI राष्ट्रीय खेलकुद प्रतियोगिता मे भाग लेगी। छात्रा के चयन होने पर विद्यालय के संस्थाप्रधान भरत देव धाभाई एवं विद्यालय स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं बधाई दी है।


## गुरलां ग्राम पंचायत के वार्ड को नवगठित पंचायत में वार्ड समान्तर व्यवस्थित करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**गुरलां (सेन)।** ग्राम पंचायत गुरला में वर्तमान में वार्डो का गठन ऐसा है कि एक वार्ड गांव के दोनों छोर पर स्थित है और बीच में अन्य वार्ड आते है । भौगोलिक दृष्टि से अव्यवहारिक बने इस वार्ड में विकास नहीं हो पाता है।

गुरलां पंचायत में वार्ड पांच का एक हिस्सा बसस्टेण्ड पर है तो दूसरा हिस्सा गांव के अन्तिम छोर रेगरो के मौहल्ले में है। साथ ही वार्ड पांच के मध्य अन्य वार्ड तीन, चार, छ और सात है और इन वार्डों की भी यही स्थिति है। वार्ड पांच के दो ब्लॉक बना दिया जिसमें रेगरो का मौहल्ला करीब 100 घरो के वोटरों व बस स्टैंड पर

गुरला में वार्ड अव्यवस्थित एक ही वार्ड के बीच अन्य वार्ड



गुरलां में वार्ड 5 लाल निशान में दो हिस्सों में बटा हुआ जबकि बीच अन्य वार्ड बना रखें

14 घरों के करीब 60 वोटर को जोड रखा है जिससे ज्यादा वोटिंग वाले ब्लॉक का वार्ड पच ही विजय होता है बस स्टैंड क्षेत्र का कभी विजय नहीं हुआ जिससे विकास अवरुद्ध होता है परिसिमन के तहत जिला कलेक्टर, पंचायत राज विभाग व निर्वाचन आयोग द्वारा गुरलाँ ग्राम पंचायत का परिसिमन के तहत वार्ड का पुनर्गठन कर वार्ड को एक ब्लॉक में व्यवस्थित करे जिससे गुरलों की जनहित की मांग को देखते हुए गुरलों ग्राम पंचायत के वार्डो का पुनर्गठन किया जाए जिससे गाव का विकास में सहायक हो सके । ग्रामवासियों विशेषकर इन वार्डों में रहने वालों ने पंचायत राज विभाग व राज्य निर्वाचन आयोग से गुरलॉ ग्राम पंचायत के वार्डों का परिसीमन करते समय इन वार्डो को भौगोलिक दृष्टि से सही करने की मांग की है।

## अभिभावक, एसएसी सदस्य व शिक्षक संयुक्त प्रयास कर बालको का भविष्य करें उज्ज्वल




स्मार्ट हलचल।माण्डलगढ़

उपखण्ड क्षेत्र के मुकुनपुरिया राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में स्कूल विकास एवं प्रबंधन समिति (एसडीएमसी) की मासिक बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप प्रधानाचार्य सुनीलकुमार मीणा,भगवानलाल जाट द्वारा की गई। बैठक मे उप प्रधानाचार्य मीणा ने स्कूल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला व वर्तमान में छात्रों के लिए मौजूद संसाधनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विभिन्न वर्तमान स्टाफ द्वारा छात्रहित में कई नवाचार किए गए है जिसके सकारात्मक परिणाम छात्रों के परीक्षा परिणाम से सामने आने लगे है ।आगामी बोर्ड परीक्षाओ को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार अध्यापकों द्वारा छात्रों का मार्गदर्शन करने तथा शीतकालीन अवकाश के दौरान सभी कक्षाओं के छात्रों को शिक्षा कार्य निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में स्टाफ के विनोद कुमार पारीक,मिड डे मील प्रभारी हनुमान गुर्जर सहित खाचरोल,देवीसिंह जी का खेड़ा, मंडी गुंसाई सहित अन्य विद्यालयों के शिक्षक व एसएमसी सदस्य मौजूद रहे।

## नियमित भर्ती की मांग को लेकर संविदा नर्सिंग कार्मिकों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से संविदा, निविदा और अल्पवेतन पर कार्यरत नर्सिंग एवं पेरा मेडिकल कार्मिकों ने नियमित भर्ती की मांग को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संविदा कार्मिकों का कहना है कि वे एनएचएम, एनआरएचएम, संविदा, निविदा, यूटीबी, प्लेसमेंट एजेंसी, पीपीपी मोड, एमआरएस, एनजीओ, 108, 104 ममता, एमएमयू, एमएमवी और जनता क्लिनिक जैसी विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं में कई वर्षों से सेवाएं दे रहे हैं। लंबे समय



से सेवा देने के बावजूद वे आज भी अस्थायी स्थिति में कार्य कर रहे हैं और उम्र के अंतिम पड़ाव की ओर पहुंच रहे हैं। कार्मिकों ने मांग की है कि वर्ष 2018 और 2023 की भर्ती प्रक्रिया की तर्ज पर तथा चिकित्सा नियम 1965 के अंतर्गत नर्सिंग ऑफिसर के 12 हजार और एएनएम के 7 हजार पदों पर मेरिट के साथ 10, 20 और 30 बोनस अंकों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए। इससे पिछले 8 से 10 वर्षों से कार्यरत संविदा नर्सिंग कार्मिकों को नियमित होने का अवसर मिलेगा और सरकार द्वारा किए गए नियमितीकरण के वादे भी पूरे हो सकेंगे। संविदा कर्मचारियों ने यह भी बताया कि वर्तमान में वे अत्यंत अल्प वेतन पर कार्य कर रहे हैं, जिससे उन्हें मानसिक, आर्थिक और सामाजिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता और परिलाभ देने की मांग करते हुए कहा कि लंबे समय से सेवा दे रहे कार्मिकों के हितों और अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। संविदा नर्सिंग एवं स्वास्थ्य कार्मिकों ने राज्य सरकार से आग्रह किया है कि आगामी नई नियमित भर्ती प्रक्रिया का विज्ञापन पूर्व की भांति मेरिट और 10, 20, 30 बोनस अंकों के आधार पर शीघ्र जारी किया जाए, ताकि हजारों कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

## शिविर में पट्टे और जॉब कार्ड जारी



स्मार्ट हलचल।बनेड़ा

राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त मुख्यालय बनेड़ा पर ग्रामीण सेवा शिविर का फोलो केंप आयोजित किया गया । शिविर के दौरान कंकोलिया के दो जनो को जॉब कार्ड तथा दो को पट्टे जारी किए गए । शिविर के दौरान उपखण्ड अधिकारी श्रीकांत व्यास शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया सहायक शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार संतोष सुनारीवाल अतिरिक्त विकास अधिकारी गणेश नारायण शर्मा सहायक कृषि अधिकारी डालुलाल माली संजीव कुमावत के साथ ही अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर प्रभारी परसोया ने पुर्व में आयोजित शिविरों के बकाया प्रकरणों निस्तारण के सभी विभागों को निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान प्रार्थी कंकोलिया ग्राम निवासी मैना देवी पत्नी भेरू लाल तथा नारायण पुत्र शंकर गाडरी ने जॉब कार्ड नहीं होने तथा देवकरण पुत्र निम्बा गुर्जर एवं देवकिशन पुत्र रामलाल गुर्जर ने शिविर प्रभारी एवं विकास अधिकारी धर्मपाल परसोया के समक्ष उपस्थित हो कर के बताया कि मकान के पट्टे नहीं होने की बात शिविर प्रभारी के समक्ष रखीहै। जिस पर शिविर प्रभारी ने ग्रामीण विकास विभाग को निर्देशित करते हुए। आवेदन करवाने के साथ ही शिविर के दौरान ही दो जॉब कार्ड तथा दो जनो को पट्टे जारी करवाए गए।

# कर्णा ढोल यानी शब्द भेद की प्रस्तुति ने किया चकित, जीते दिल

## गोवा के घूमट और जम्मू के जगरना ने रिझाया, ओडिशा के संभलपुरी नृत्य ने जीवंत की जनजाति संस्कृति

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

जब एक कलाकार आंखों पर पट्टी बांध सैकड़ों दर्शकों की भीड़ में से एक के पास रखे नारियल को परंपरागत वाद्ययंत्रों के धुन पर चलते हुए ढूंढ लाया तो दर्शक न सिर्फ चकित रह गए, बल्कि तालियों की गड़गड़ाहट से इस हुनर की जमकर तारीफ भी की। यह आश्चर्यजनक प्रस्तुति महाराष्ट्र की लोक संस्कृति की एक पहचान बनी हुई है, जिसका जादू यहां शिल्पग्राम उत्सव में छा गया है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से आयोजित किए जा रहे दस दिवसीय शिल्पग्राम उत्सव के चौथे दिन बुधवार की शाम को मुक्ताकाशी मंच पर मुख्य कार्यक्रम में पेश की गई। इसके साथ ही अन्य प्रदेशों की प्रस्तुतियों ने भी 'लोक के रंग-लोक के संग' में लोक रंजन की बयार बहा दी। इनमें गुजरात के प्रसिद्ध मेलडी माता रानी की आराधना में किए जाने वाले गरबा व जम्मू के पारंपरिक डोगरी लोक नृत्य जगरना ने दर्शकों को खूब झुमाया। वहीं, राजस्थान के नगाड़ा वादन, सहरिया आदिवासी संस्कृति को उकेरता सहरिया स्वांग व ठेठ ग्रामीण संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती सफेद आंगी गेर ने भी सभी का मन मोह लिया। गोवा के नदी पार कराने को नाविक से गुजारिश करती महिलाओं का देखनी, मणिपुर के सारस्वत ब्राह्मणों का परंपरागत लाई हारोबा और त्रिपुरा के सिर पर बोतल रख बेमिसाल बैलेंसिंग के लोक नृत्य होजागिरी और ओडिशा की जनजातीय संस्कृति को उकेरते संभलपुरी नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। वहीं, महाराष्ट्र की फोक प्रस्तुति मल्लखंभ के कलाकारों के करतब देख दर्शक खूब रोमांचित हुए, तो हरियाणा की प्रसिद्ध घूमर और राजस्थान के लोक देवता गोगाजी को समर्पित डेरू नृत्य पर को भी दर्शकों ने बहुत सराहा। कार्यक्रम का संचालन मोहिता दीक्षित और यश दीक्षित ने किया।





### थड़ों पर लोक संस्कृति साकार

शिल्पग्राम में विभिन्न थड़ों पर सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक अलग-अलग प्रस्तुतियां मेलार्थियों का भरपूर मनोरंजन कर रही हैं। इनमें बुधवार को मुख्य द्वारा के पास गवरी व चकरी, आंगन के पास करतब दिखाते बाजीगर, देवरा में घूमट व पोवाड़ा, बन्नी पर मांगणियार गायन, सम पर मसक वादन, दर्पण फूड कोर्ट के पास बीन जोगी व चकरी, भूजोड़ी पर बीन-जोगी व कच्ची घोड़ी, दर्पण द्वार पर सुंदरी और बड़ा बाजार में डेरू की प्रस्तुति ने मेलार्थियों का मनोरंजन किया। इनके अलावा गोवा ग्रामीण पर कठपुतली देख दर्शक अभिभूत हुए। वहीं, शिल्पग्राम प्रांगण में विभिन्न स्थानों पर घूमते हुए बहरूपिया मेलार्थियों का मनोरंजन कर रहा है, तो लोग उसके साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। वहीं, प्रांगण में लगे पत्थर के स्कल्पचर्स जहां लोगों को लुभा रहे हैं, वहीं ये सेल्फी पॉइंट्स भी बन गए हैं।

### लेक सिटी के लोगों का कला प्रेम बना मिसाल: निदेशक

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने कहा कि शिल्पग्राम उत्सव में मेवाड़, खासकर उदयपुर शहर के बाशिंदों का कला प्रेम मिसाल बना हुआ है। यही वजह है कि साल-दर-साल यह उत्सव नई ऊंचाइयां छू रहा है। केंद्र ने भी यहां के कला प्रेमियों की रुचि के मद्देनजर काफी नवाचार किए हैं। उन्होंने बताया कि शिल्पग्राम प्रांगण में चार पद्म पुरस्कार प्राप्त सहित 15 नामचीन चित्रकारों के कला शिविर तथा मुक्ता काशी मंच के पास चल रही कार्यशालाओं के प्रति हर उम्र के लोग उत्साह दिखा रहे हैं।

### 'हिवड़ा री हूक' में दिखा हर आयु वर्ग का उत्साह-

शिल्पग्राम उत्सव के दौरान बंजारा मंच पर 'हिवड़ा री हूक' के चौथे दिन बुधवार को भी युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। इस कार्यक्रम की खासियत यह है कि जो लोग प्रतिभा तो रखते हैं, मगर प्रदर्शन करने को मंच नहीं मिलता, उनको इसमें मंच प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम में गीत-संगीत व अन्य प्रस्तुतियों के बीच संचालक सौरभ भट्ट की प्रश्नोत्तरी ने इसे और भी रोचक बना दिया है। क्विज में सही उत्तर देने वालों को हाथों-हाथ उपहार भी दिए जा रहे हैं।

### कला शिविर का समापन आज

शिल्पग्राम उत्सव में 21 दिसंबर को शुरू हुए कला शिविर का समापन गुरुवार को होगा। शिविर में देश के नामचीन 15 चित्रकार अपनी विधा का लाइव प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही, पेंटिंग के संबंध में कला प्रेमियों की जिज्ञासाओं को भी शांत कर रहे हैं। इन चित्रकारों में पांच पद्म पुरस्कार प्राप्त चित्रकार शामिल हैं।

आज शाम के खास आकर्षण-


मुक्ताकाशी मंच पर गुरुवार शाम के कार्यक्रम में ओडिशा का गोटीपुआ, छत्तीसगढ़ का पंडवानी गायन, मणिपुर का पुंग ढोल चेलम और पश्चिम बंगाल का एनर्जिटिक नटुआ लोक नृत्य विशेष आकर्षण होंगे। इनके साथ ही राजस्थान का सहरिया स्वांग नृत्य, मांगणियार गायन, गुजरात का गरबा, जम्मू के जगरना, राजस्थान के नगाड़ा वादन, सहरिया स्वांग व सफेद आंगी गेर, गोवा के देखनी, मणिपुर के लाई हारोबा और त्रिपुरा के होजागिरी, हरियाणा के घूमर और ओडिशा के संभलपुरी नृत्य की प्रस्तुतियां दर्शकों को रिझाएंगी। वहीं, महाराष्ट्र के कर्ण ढोल और मल्लखंभ की पेशकश दर्शकों को रोमांचित करेंगी।

### शिल्पग्राम तक सिटी बस सेवा शुरू

शिल्पग्राम उत्सव के मद्देनजर नगर निगम ने उदयपुरवासियों की सुविधा के लिए सूरजपोल से शिल्पग्राम तक सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक हर आधे घंटे में सिटी बस सेवा शुरू की गई है। इस सेवा का लाभ उठा उदयपुरवासी शिल्पग्राम उत्सव देखने पहुंच सकते है। यह बस सेवा सूरजपोल से चेतक सर्कल, सहेलियों की बाड़ी, देवाली होते हुए शिल्पग्राम पहुंचेगी। वापसी में शिल्पग्राम से फतहसागर, चेतक सर्कल, देहलीगेट होते हुए सूरजपोल पहुंचेगी।

# घटते वन क्षेत्र की कमी के कारण वन्यजीवों का आबादी की ओर रूख

स्मार्ट हलचल



**गुरला।** भीलवाड़ा एपी ऑफिस से संपत ने सूचना वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर को फोन द्वारा सूचना दी,,की राजू लाल माली के घर पे एक बॉर्न ओवल (अल्लू) घायल अवस्था में मकान की छत पर दिखा सूचना मिलते ही भीलवाड़ा वन विभाग की रेस्क्यू टीम में वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर वनरक्षक हरिराम विश्नोई नागरिक सुरक्षा के वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बेरवा मौके पर पहुंचे सुरक्षित तरीके से उल्लू का रेस्क्यू करके उल्लू को पशु चिकित्सालय मे तत्काल उपचार कर के हरनी महादेव रेस्क्यू सेंटर में पहुंचाया।। नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक नारायण लाल बैरवा ने बताया कि यह रेस्क्यू किए गये बार्न आउल टायटो अल्बा है जो उल्लू की एक व्यापक रूप से वितरित प्रजाति है। दुनिया में उल्लू की 223 प्रजातियां से ज्यादा पाई जाती हैं। लेकिन अक्सर 19 प्रजातियां ही कॉमन हमे देखने को मिलती हैं।

# गंगापुर में बांग्लादेश हिंसा के विरोध में सड़क पर उतरे हिंदू संगठन

## युनुस खान का पुतला फूंका, जमकर नारेबाजी, सरकार से कार्रवाई की मांग




स्मार्ट हलचल | गंगापुर

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ बर्बरता और नृशंस हत्याओं के विरोध में गंगापुर में हिंदू संगठनों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मुख्य बस स्टैंड पर युनुस खान का पुतला फूंका और जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन की शुरुआत भूत बावजी मंदिर से हुई, जहां कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक एकत्र हुए। जुलूस के रूप में निकले प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए बस स्टैंड पहुंचे। वहां बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस खान का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस जाप्ता तैनात रहा। इस दौरान विहिप जिला कोषाध्यक्ष सुनील जोशी, विहिप जिला अध्यक्ष जगदीश झवर, नगर संयोजक कन्हैयालाल माली, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय रुइया, घनश्याम सिंह राठौड़, पुष्पराज प्रजापत, प्रहलाद सिंह कोशीथल, विनोद पंचोली, राजकुमार सेन लकी अग्रवाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोठरी नदी पुलिया निर्माण आधा अधुरा, दुर्घटनाओं को देता अंजाम

# बाइक सवार के सिर में धंसा सरिया



स्मार्ट हलचल / सवाईपुर

राज्य सरकार द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से पुलिया निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग ठेकेदार द्वारा सवाईपुर व सालरिया सड़क पर कोठारी नदी पर पुलिया निर्माण अप्रैल माह में निर्माण शुरू किया, शुरुआत में तीव्र गति से चला, पुलिया पर एक तरफा आरसीसी सड़क निर्माण कर दिया लेकिन एक तरफा कार्य छोड़ दिया, छोड़े गए आरसीसी सड़क से निकला सरिया राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ जो बुधुवार दोपहर बाद एक बाइक सवार को चपेट में लिया । बाइक सवार गिरने से कर्मवीर उम्र 20 वर्ष के सिर में सरिया घुसने से अचेत हो गया, जिसका 108 की मदद से सवाईपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाकर जिला चिकित्सालय भर्ती करवाया । प्रहलाद सिंह ने बताया कि सवाईपुर व सालरिया सड़क कोठारी नदी पुलिया आधा अधुरा बनाकर छोड़ने से आए दिन राहगीर दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं, जिनकी ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद नही ली जा रही है । बुधवार को दोपहर दो बजे कर्मवीर बाइक से सवाईपुर की और जा रहा था कि हादसा हो गया । एक तरफा बनी आरसीसी सड़क से निकले सरिए एक तरफा गड्ढे मय सड़क पर अनियंत्रित होकर बाइक गिरने से बाइक सवार कर्मवीर के सिर में सरिए एवम अन्य चोट से घायल हो गया, जिसकी सूचना 108 पर दी गई । घायल का सवाईपुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करवाकर जिला चिकित्सालय भर्ती करवाया गया । सार्वजनिक निर्माण विभाग से पुरजोर मांग है कि पुलिया निर्माण अतिशीघ्र शुरू करावे जिससे दिन रात चलने वाले राहगीरों को जान जोखिम से राहत मिल सके ।।

# जिला मुख्यालय के अस्पताल की व्यवस्थाओं में नहीं हो पा रहा सुधार

## ट्रेनर नर्सिंग कर्मी ड्यूटी समय पर कर रही है इमरजेंसी ड्रेसिंग रूम में डांस और बना रही है रील

स्मार्ट हलचल | बूंदी



जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं में देखरेख के अभाव में दिनों दिन बिगड़ती ही जा रही है। जिला मुख्यालय में स्थित इमरजेंसी ड्रेसिंग रूम में ड्यूटी पर तैनात ट्रेनर नर्सिंग कर्मी ड्यूटी समय पर नाचते हुए रील बनायगी तो वह पीड़ित मरीजों को क्या ट्रीटमेंट दे पायगी। जब विडियो वायरल हुआ ओर जिला कलेक्टर को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने उक्त विडियो की तथ्यात्मक रिपोर्ट के साथ पीएमओ से रिपोर्ट मांगी है।

वैसे जांच भी पूरी नहीं हो पा रही है पिडित मरिजो के परिजनों को जांच के लिए भी प्राइवेट लेबो पर भटकते देखा जा सकता है।

सिनियर सिटिजन के लिए पर्ची बनाने के लिए अलग से विंडो खोल रखी है लेकिन यहा पर पर्ची नहीं बनाई जा रही जब हमारा संवाददाता जिला मुख्यालय पर स्थित सिनियर सिटिजन पर्ची विंडो पर किसी सिनीयर सिटीजन की पर्ची बनवाने गया तो वहां पर विंडो बंद थी, जानकारी ली गई तो पता चला कि कम्प्यूटर खराब है इसलिए यहा पर्ची नहीं बनाई जा रही। इस समय सभी पर्चियां एक ही विंडो पर बनाई जा रही है। कुल मिलाकर कर सिनियर सिटिजन भी परेशान हैं,यह सब देख रेख के अभाव में हो रहा है। अगर अस्पताल की व्यवस्थाओं को कोई जिम्मेदार अधिकारी जिम्मेदारी से देखें तो अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार हो सकता है। अन्यथा जिले के जिला मुख्यालय की व्यवस्थाएं दिनों दिन बिगड़ती जायेगी।

# हमीरगढ़ में मूलभूत सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों ने, दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**मंगरोप।** हमीरगढ़ कस्बे में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी के चलते व्यापारी,युवा वर्ग एवं आमजन लंबे समय से परेशान हैं।इस संबंध में स्थानीय नागरिकों द्वारा हमीरगढ़ उपखंड अधिकारी को तीन सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई है।ज्ञापन में पहली मांग बताई गई है कि भीलवाड़ा दरवाजा से चित्तौड़ी दरवाजा तक मुख्य बाजार क्षेत्र में एक भी सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध नहीं है।जबकि 5 डमी शौचालय करीब 1 साल से नगर पालिका स्थित पोस्ट ऑफिस परिसर में पड़े पड़े धूल चाट रहे है।उधर लोगों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है बाहर से आने वाले ग्राहकों,विशेषकर महिलाओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।पुरुषों की मजबूरी के कारण महिलाओं को भी शर्मिंदगी उठानी पड़ रही है,जिससे कस्बे की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।वहीं दूसरी मांग है कि एनएच-48 पर बस स्टैंड की अव्यवस्था भी बड़ी मुसीबत बनी हुई है।जहां से यात्री भीलवाड़ा व चित्तौड़गढ़ की ओर जाने के लिए बसों का इंतजार करते थे,वहां प्रशासन द्वारा जालियां लगाकर उस स्थान को बंद कर दिया गया है।पूर्व में रोडवेज बसों का आवागमन कुछ समय के लिए सर्विस लाइन से किया गया था,लेकिन उसे भी बंद कर दिया गया।वर्तमान में बसों का आवागमन मुख्य सड़क से होने के कारण यातायात बाधित हो रहा है और यात्रियों को जोखिम उठाना पड़ रहा है।इस लापरवाही के चलते किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।तीसरी मांग यह है कि सरकार द्वारा कस्बे में आईटीआई कॉलेज एवं राजकीय महाविद्यालय के भवनों का निर्माण तो करीब 1 वर्ष पूर्व ही पूर्ण कर दिया गया है,लेकिन अब तक वहां अध्ययन कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है।जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को अन्य जगह जाकर आईटीआई का अध्ययन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपये की लागत से बने इन भवनों का समय पर उपयोग नहीं किया गया,तो वे जल्द ही खंडहर में तब्दील हो जाएंगे,जो कि सरकारी धन की बर्बादी होगी।स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं युवाओं ने उपखंड अधिकारी से मांग की है कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण,बस आवागमन की उचित व्यवस्था तथा आईटीआई व राजकीय महाविद्यालय में शीघ्र शिक्षण कार्य शुरू कराने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं,ताकि आमजन को राहत मिल सके।हमीरगढ़ एसडीएम झंवर मित्तल ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन करके उक्त सभी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिशा-निर्देश दिए है।

# रामदेव बने ग्रामीण जिलाध्यक्ष एव विनोद जिला उपाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष कमलेश शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार की अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नर्सिंग ऑफिसर रामदेव क्षोत्रिय UPHC सांगनेर भीलवाड़ा को ग्रामीण जिला अध्यक्ष एव नर्सिंग ऑफिसर विनोद सिंह चौहान CHC & ट्रॉमा सेंटर गंगापुर भीलवाड़ा को जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया इस मौके पर जिला संरक्षक अनुभव जोशी, जिला संयोजक दिनेश पुरोहित, कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष कैलाश जीनगर, चंदा स्वर्णकार, शोभित शर्मा, आदि मौजूद थे सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का साफा पहनाकर एव माल्यार्पण कर स्वागत किया।

# काबरा गांव में गौचर भूमि पर अवैध अतिक्रमण, प्रशासन मौन

## झांतला माता मंदिर, बालाजी मंदिर व तालाब क्षेत्र में पक्के बाड़े बनाकर कब्जा, शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं



स्मार्ट हलचल

**मंगरोप।** हमीरगढ़ उपखण्ड क्षेत्र की आमलीगढ़ ग्राम पंचायत के काबरा गांव में स्थित चारागाह(गौचर)भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है।बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं गौसेवकों ने बुधवार को उपखंड कार्यालय पहुंचकर उक्त मामले पर त्वरित कार्रवाई की मांग को लेकर हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया है।गांव के ही कुछ लोगों द्वारा जबरन गौचर भूमि पर कब्जा कर पक्के निर्माण और बाड़े बना लिए गए हैं,जिससे पशुपालकों में भारी रोष व्याप्त है।प्राप्त जानकारी के अनुसार झांतला माता मंदिर के पीछे स्थित गौचर भूमि पर अतिक्रमण कर खेतों को लगभग डेढ़-डेढ़ बीघा तक आगे बढ़ा दिया गया है।वहीं बालाजी मंदिर के पास स्थित करीब ढाई बीघा गौचर भूमि पर भी पक्के बाड़े बनाकर कब्जा कर लिया गया है।इतना ही नहीं,तालाब के समीप स्थित चारागाह भूमि पर भी अवैध निर्माण कर बाड़े बना दिए गए हैं।स्थानीय गौसेवकों ने बताया कि इस संबंध में 181 राष्ट्रीय हेल्पलाइन पर करीब छह बार शिकायत दर्ज कराई गई,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।कार्रवाई के अभाव में अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और गौचर भूमि लगातार सिमटती जा रही है।ग्रामीणों और पशुपालकों का कहना है कि गौचर भूमि पर अतिक्रमण से पशुओं के लिए चारे की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।उन्होंने हमीरगढ़ उपखण्ड अधिकारी से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाए और गौचर भूमि को सुरक्षित कराया जाए।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।हमीरगढ़ एसडीएम झंवर मित्तल ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन पर उक्त मामले की जांच के निर्देश दिए है उन्होंने ग्रामीणों एवं गौसेवकों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि उपखण्ड क्षेत्र में किसी भी तरह की असंवैधानिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उनपर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग की ओर से कोटा में बिजनेस नेटवर्किंग मीट का आयोजन

# भीलवाड़ा एवं कोटा की महिला उद्यमियों ने आपसी समन्वय एवं व्यवसाय विकास पर किया मंथन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाडा।** जीतो भीलवाड़ा चैप्टर लेडिज विंग ने संस्था के जेबीएन के अन्तर्गत 'स्वंय प्रोजेक्ट' के तहत कोटा का दौरा किया। इस दौरान कोटा विंग के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद के साथ टेक्सटाइल वर्कशॉप एवं बिजनेस प्रोजेक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी मिली। जीतो भीलवाड़ा लेडिज विंग की ओर से कोटा में विशेष बिजनेस नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया गया। प्रतिभागी सदस्यों ने टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े विभिन्न पहलूओं, कार्यशैली एवं नवाचारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। सदस्यों ने नए बिजनेस प्रोजेक्टस के बारे में जानने समझने के साथ आपसी सहयोग एवं समन्वय की संभावनाओं पर भी विचारों का आदान प्रदान किया। इस मौके पर कोटा की प्रसिद्ध टेक्सटाइल कोटा साड़ी पर वर्कशॉप एवं उनकी कार्यप्रणाली को विस्तार से समझने का अवसर मिला। लेडिज बिजनेस मीट के माध्यम से भीलवाड़ा एवं कोटा विंग की सदस्यों ने विचारों को साझा करने के साथ एक दूसरे के यहां किए जा रहे नवाचारों के बारे में भी जानकारी ली। बिजनेस विस्तार एवं विकास से जुड़ी समस्याओं का समाधान किस तरह हो सकता इस बारे में भी अनुभव शेयर किए गए। भीलवाड़ा जीतो लेडिज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल ने बताया कि ये बिजनेस मीट व्यवसायिक दृष्टि से सफल रहने के साथ महिला उद्यमियों के बीच आपसी सहयोग, सशक्तिकरण का भी सशक्त मंच बनी। इस कार्यशाला से आपसी नेटवर्किंग को बढ़ावा मिलने के साथ आत्मविश्वास निर्माण एवं आपसी सहयोग की भावना भी सशक्त होगी। दोनों विंग की सदस्यों के मध्य बेहतर तालमेल एवं भ्रातत्व भाव स्थापित होने के साथ नए बाजार, अवसरों एवं उद्यमिता से जुड़ी प्रेरणा एवं अनुभवों का भी लाभ परस्पर मिलेगा। इस अवसर पर जीतो भीलवाड़ा चैप्टर लेडिज विंग की चेयरपर्सन नीता बाबेल, पलक भड़कत्या, मोनिका रांका, लाड़ मेहता, दीपा सिसोदिया आदि एवं कोटा लेडिज विंग से चेयरपर्सन मंजू लुंकड, चित्रा बागरेचा, सुमन मुणोत, मीना जैन, उषा बागरेचा,रेणू जैन आदि की सक्रिय सहभागिता रही। इनके साथ जीतो भीलवाड़ा एवं कोटा चैप्टर लेडिज विंग की कई अन्य सदस्यों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। भीलवाड़ा लेडिज विंग की सदस्यों ने कोटा दौरे में वहां के जैन तीर्थो का भ्रमण करने का भी लाभ लिया। इससे आध्यात्मिक जुड़ाव के साथ आपसी एकता एवं समन्वय की भावना को भी मजबूती प्राप्त हुई।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सांगोद द्वारा 10 पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किये

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद ने बताया कि कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव कोटा जिला प्रभारी देशराज मीणा विधानसभा प्रभारी विक्रम स्वामी देहात जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की सहमति से 10 पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किए जाते हैं!

मिर्जा ने बताया कि ग्राम पंचायत धुलेट पूरणमल सुमन ग्राम पंचायत लोढाहेडा कैलाश बेरवा ग्राम पंचायत बपावर कला दिनेश बेरवा ग्राम पंचायत मोई कला शिवराम सुमन ग्राम पंचायत लबानिया नवल किशोर गुर्जर ग्राम पंचायत उमरदा दिनेश कुमार गुर्जर ग्राम पंचायत लटूरी कन्हैयालाल नायक ग्राम पंचायत नयागांव देवी सिंह ग्राम पंचायत खड़िया मैं लोकेश सुमन को अध्यक्ष बनाया गया है! नवनियुक्त पंचायत अध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वह शीघ्र ही अपने-अपने कार्यकारी का गठन कर संगठन को मजबूती प्रदान करें।

# नगर विकास न्यास में ई- लॉटरी आवंटन कार्यक्रम आज

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

उदयपुर विकास प्राधिकरण की तीन योजनाओं के '1109 आवासीय भूखण्डों' के जरिए ई लॉटरी आवंटन कार्यक्रम गुरूवार को आयोजित किया जाएगा। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को यूडीएच मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के मुख्य आतिथ्य में प्रात 10 बजे सामुदायिक भवन, साउथ एक्सटेंशन बलीचा में किया जायेगा। यह ई- लॉटरी पूर्णतः ऑनलाईन माध्यम से, पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित की जाएगी। समस्त आवेदक स्वयं उपस्थित होकर ई-लॉटरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सकते हैं। लॉटरी के पश्चात सफल आवेदकों की सूची तथा प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कर दी जाएगी। सफल आवेदकों का दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम विभागीय वेबसाइट पर पृथक से जारी किया जाएगा।

# मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में विभिन्न सत्रों का आयोजन

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय पर स्थित शहीद मेजर नटवर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चित्तौड़गढ़ में 'वंदे मातरम की पुकार श्रमिक सुरक्षा का विस्तार' विषय पर लगाई गई पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्रीमती प्रभा गौतम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव में केंद्र सरकार की ओर से एक अभिनव प्रयास के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में भारत सरकार कि योजनाओं के बारे में पेनल एवं श्र्व्यदृष्ट के माध्यम से आमजन को जानकारी दी जा रही है7 उन्होंने कहा कि इस जानकारी से निश्चय ही आमजन को इन योजनाओं का लाभ लेने में सहायता मिलेगी। उन्होंने उपस्थित युवाओं और विद्यार्थियों से प्रदर्शनी में दी जा रही जानकारी को अपने परिजनों, मित्रों, सगे संबंधियों तक पहुचाने में संदेश वाहक के रूप में भूमिका निबहाने का आहवाहन किया। उन्होंने कहा की वंदे मातरम गीत हमारे देश की राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग बन चुका है।

इस अवसर पर जिला परिषद, चित्तौड़गढ़ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने इस प्रदर्शनी में नई तकनीक के उपयोग के साथ लगाए गए। वीआर जॉन, एवं ऐतिहासिक स्थलों के साथ वर्चुअल सेल्फ़ी पॉइंट की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए एक नया अनुभव है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम के महत्व को समझने के लिए, इसके ऐतिहासिक मूल को जानना बहुत ज़रूरी है। यह एक ऐसा मार्ग है, जो साहित्य, राष्ट्रवाद और भारत के स्वाधीनता संग्राम को जोड़ता है। इस स्तुति गान का एक कविता से राष्ट्रीय गीत बनने तक का सफ़र, ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत की सामूहिक जागृति को प्रदर्शनी में दर्शाया गया है उसे जीवन में अपनाने की अपील उपस्थित युवाओं एवं आमजन से की।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक श्रीमती कांता सुखवाल ने उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को विभाग द्वारा संचालित सेवाओं की जानकारी देते हुए बताया की महिला एवं बाल विकास विभाग, महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए कई सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें मुख्य रूप से एकीकृत बाल विकास सेवा (ढ्ढष्टष्ठस्) के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, और स्कूल-पूर्व शिक्षा शामिल हैं। उन्होंने उपस्थित दर्शकों को प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती चेताली जैन ने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत सघन जागरुकता अभियान के तहत उपस्थित दर्शकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल सहायता, कानूनी, चिकित्सा, और मनोवैज्ञानिक परामर्श हेतु चलाए जा रहे सखीः वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी उपस्थित दर्शकों को विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक श्री रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि यह प्रदर्शनी वन्दे मातरम् के 150 वर्ष व नए श्रम कानून के साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा वन्दे मातरम् गीत को जन-जन तक पहुँचाने के लिए 150 वर्ष का जश्न मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रदर्शनी युवाओं के लिए विशेष आकर्षण लेकर आई है जिसमें सेल्फी पॉइंट एवं विभिन्न जॉन में श्र्व्यदृष्ट टीवी पर योजनाओं से जुड़े प्रेरक वीडियो भी चला कर जानकारी दी जा रही है।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत पुश अप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विभाग की ओर से अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभाग के पंजीकृत दल अजयमेरु कला मण्डल, अजमेर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री नरेश कुमार तथा क्षेत्रीय प्रचार सहायक श्री रवि योगी ने किया।

# नशा जीवन का नाश हैः एएसआई सूरज कुमार



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**निम्बाहेड़ा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय निम्बाहेड़ा में नई किरण नशा मुक्ति अभियान एवं राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्ति एवं यातायात सुरक्षा पर विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोतवाली थाना पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक सूरज कुमार ने अपने मुख्य वक्तव्य में नशे से बढ़ती हुई आपराधिक प्रवृत्ति पर विचार व्यक्त करते हुए छात्रों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया। इसके साथ ही उन्होंने यातायात से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि तेज गति से वाहन ना चलाए, दो पहिया वाहन धारक हेलमेट का प्रयोग करें, बाइक पर दो व्यक्तियों के सिवा तीसरा व्यक्ति ना बैठे। चार पहिया वाहन धारक सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। बिना नंबरों के वाहन ना चलाएं, वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म ना लगवाएं। शराब पीकर वाहन ना चलाएं। यातायात के नियमों का पालन करें। उनके द्वारा समाज में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए महाविद्यालय परिवार द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. भगवान साहू द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन नई किरण नशा मुक्ति प्रभारी डॉ. नीलम सेठी ने किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. देवाराम, डॉ. शिल्पा नागोरी, उदयराम अहीर, डॉ. शेरबानो उपस्थित थे। राजस्थान राज्य महिला नीति सदस्य मुस्कान मंसूरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएसटी की टीम ने 2 ईनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बानसूर



जिला स्पेशल टीम ने कार्रवाई करते हुए दों इनामी आरोपीयों को गिरफ्तार किया हैं। डीएसटी प्रभारी अंकित कुमार सांमरिया ने बताया कि टीम ने वांछित इनामी अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रूपए के इनामी आरोपी मुकेश सुरेला निवासी खोहरी व गोलू मेघवाल निवासी बास शेखावत को गिरफ्तार किया हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थें। डीएसटी की टीम ने आरोपियों को दस्तयाब कर बानसूर थाना पुलिस को सुपुर्द किया हैं। डीएसटी प्रभारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान कांस्टेबल प्रवीण की विशेष भूमिका रही।

# विशेष निरोधात्मक अभियान : प्रदेश में अवैध शराब पर कार्रवाई जारी

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही कर अभियोग दर्ज किए गए।

आबकारी आयुक्त श्री नकाते के निर्देशानुसार अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत के सुपरविजन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत जीरो टोलरेंस की नीति अपनाते हुए अन्य राज्य की शराब की तस्करी, अवैध मदिरा के परिवहन व विक्रय पर आबकारी निरोधक टीमों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सिरोही में आबकारी थाना क्षेत्र गरट, गड़िया और आबूक्षेत्र में दबिश की कार्रवाई में 2 हजार लीटर उत्तेजित वॉश एवं 2 शराब की भट्टियां नष्ट की गई। पिंडवाड़ा में 5 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। हनुमानगढ़ में ग्राम गंगागढ, अमरपुरा थेड़ी में दबिश के तहत 4600 लीटर वॉश एवं 8 कच्ची भट्टियां नष्ट कर अभियोग दर्ज किया गया। बांसवाड़ा में 1600 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 47 बोतल अवैध हथकड़ शराब की बरामद की गई और 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। भीलवाड़ा के मांडलगढ में 150 लीटर वॉश नष्ट करते हुए 5 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी सीज की गई। अनूपगढ में आबकारी निरोधक दल की कार्रवाई में एक हजार लीटर वॉश एवं 7 भट्टियां नष्ट की गई मौके से अवैध शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए। जयपुर दक्षिण पूर्व की कार्रवाई में एक्टिवा स्कूटी पर देशी मदिरा घूमर के 48 पव्वे अवैध परिवहन करते हुए सीज कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। धौलपुर जिले में आबकारी दल ने होटल व ढाबों पर छापा मारकर 3 पेटी देशी शराब बरामद की और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार प्रदेश के अन्य जिलों में भी निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है।

# ऐतिहासिक रामगढ़ क्रेटर में जिला कलक्टर ने दिया स्वच्छता का संदेश



स्मार्ट हलचल

**बारां।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को जिले की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक धरोहर रामगढ़ क्रेटर में स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। स्वच्छता अभियान में जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सहभागिता करते हुए व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

अभियान में जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजवीर सिंह चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी, उपखंड अधिकारी राकेश कुमार, उप वन संरक्षक विवेकानन्द राव बडे सहित जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने श्रमदान कर रामगढ़ क्रेटर परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुंदर वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

यह स्वच्छता अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्वच्छ भारत मिशन के आह्वान तथा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के स्वच्छ, विकसित एवं आत्मनिर्भर राजस्थान के विजन से प्रेरित रहा। अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता जनभागीदारी से ही संभव है और इसके लिए प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उल्लेखनीय है कि रामगढ़ क्रेटर को राज्य सरकार द्वारा बारां जिले के 'पंच गौरव' में शामिल किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ प्राकृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन महत्व की धरोहरों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दे रही है।

जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की है कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और रामगढ़ क्रेटर सहित जिले की सभी सार्वजनिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने में निरंतर सहयोग करें।

# रामदेवरा की बेटी कंचन ने फुटबॉल में बढ़ाया मान, राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर लौटने पर भव्य स्वागत



स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामदेवरा (चूरू )की कक्षा 9 की होनहार छात्रा कंचन भाम्बू द्वारा राष्ट्रीय विद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता (अंडर-17) में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर लौटने पर ग्राम वासियों और विद्यालय परिवार ने अभूतपूर्व स्वागत किया। कंचन ने झारखंड के रांची में 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।

कंचन के गांव जसरासर पहुंचने पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। जसरासर से रामदेवरा विद्यालय तक कंचन को एक सुसज्जित गाड़ी में बिठाकर डीजे के साथ भव्य रैली के रूप में लाया गया। रास्ते भर ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर और जयकारे लगाकर बेटी का उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय पहुंचने पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश भाम्बू ने अतिथियों का स्वागत किया और कंचन की उपलब्धि को अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने कंचन को मालाएं पहनाकर व मिठाई खिलाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि शीशपाल भाम्बू, संपत प्रजापत, दौलत राम प्रजापत, लक्ष्मीचंद भाम्बू, प्रकाश भाम्बू, नौरंगराम, सुभाष भाम्बू उपस्थित रहे। साथ ही खेल प्रतिभा को तराशने वाले पीटीआई संजय शर्मा, सुरेश पंवार, रमेश सरावग, रामप्रताप स्वामी, तपेंद्र जांगिड़ और प्रताप ओला ने भी छात्रा को बधाई दी। इस दौरान संज्ञा शर्मा, संगीता, सुनीता बुडानिया, सुमन मोठसरा, उदासर प्रधानाचार्य मेघदान चारण, पीईईओ यशपाल बेनीवाल, कांगड़ा प्रधानाचार्य अविनाश सारण और दिलीप सहारण सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री जाड़ावत के नेतृत्व में अरावली बचाओ ओर मनरेगा नाम परिवर्तन को लेकर किया जाएगा विरोध प्रदर्शन, तैयारी बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल



**शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में अरावली बचाओ, मनरेगा का नाम परिवर्तन को लेकर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के सानिध्य में शहीद स्मारक के पास उप वन संरक्षक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्री चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन देंगे।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि अरावली बचाओ एवं मनरेगा नाम परिवर्तन को लेकर दिनांक 26 दिसंबर 2025 को प्रातः 10 बजे से शुरू होगा जो दोपहर 1 बजे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर समाप्त होगा, उक्त विरोध प्रदर्शन की तैयारी बैठक प्रतापनगर स्थित कार्यालय पर आयोजित हुई जिसमें प्रदर्शन की रूपरेखा तय करते हुए कांग्रेस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, प्रदेश सचिव रणजीत रणजीत लोठ, विधानसभा चुनाव प्रभारी नगेंद्र सिंह राठौड़, जिला संगठन महामंत्री महेंद्र शर्मा, जिला उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, जिला महामंत्री प्रमोद सिंह तंवर, जिला महामंत्री कमल गुर्जर, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह भाटी, बृज मोहन सिंह राव, राजदीप सिंह राणावत , एनएसयूआई अध्यक्ष कान्हा वैष्णव, युवा उपाध्यक्ष नितिन वर्मा, युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष छत्रपाल सिंह चौहान, ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गेहरूगिरी गोस्वामी, एससी विभाग जिला अध्यक्ष राकेश घारू, पीसीसी सदस्य एससी विभाग रामेश्वरलाल बैरवा, पार्षद शैलेंद्र सिंह शक्तावत, जिला सचिव शंकर शंकर सेन, गजानंद शर्मा, पिंटू विजयवर्गीय, युवक कांग्रेस के कमलेश माली, शंभुलाल शर्मा, भेरूलाल पुरबिया, संजय रैगर, सत्यनारायण सेन मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन कर पीएम का पुतला फूंका

स्मार्ट हलचल | बानसूर



अरावली पर्वतमाला की नई परिभाषा के विरोध में बुधवार को कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शहर में पैदल मार्च निकालते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।कांग्रेस नेता राजेश बागड़ी ने कहा कि अरावली की नई परिभाषा पर्यावरण के लिए घातक है। इससे अरावली क्षेत्र में खनन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पर्यावरण संतुलन बिगड़ेगा और आमजन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर उद्योगपतियों के हित में निर्णय लेने का आरोप लगाते हुए इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की। इस मौके पर अजय यादव, डॉ. रमेश यादव, राजेंद्र रेगर, जितेंद्र यादव, देशराज रावत, गिरधर सिंह, महिपाल यादव, दीपक मीणा, मनीष मेघवाल, कालूराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# सुभाष गार्डन तालाब में जलकुंभी से जीवों की मौतः प्रभात फेरी परिवार ने सफाई की मांग की



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर के सुभाष गार्डन तालाब में जलकुंभी के फैलाव और इससे जलीय जीवों की मौत को लेकर प्रभात फेरी परिवार ने प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन तालाब की पाल पर आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व प्रभात फेरी संयोजक संजय घीया ने किया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सदस्य और शहरवासी शामिल हुए। उन्होंने नारे लगाकर प्रशासन के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने बताया कि तालाब में जलकुंभी इतनी अधिक फैल गई है कि मछलियों और अन्य जलीय जीवों तक भोजन नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे उनकी मौत हो रही है। प्रभात फेरी के सदस्य, धर्मप्रेमी नागरिक और शहरवासी नियमित रूप से तालाब में मछलियों और अन्य जीवों के लिए भोजन डालते हैं। हालांकि, जलकुंभी की मोटी परत के कारण यह भोजन उन तक नहीं पहुंच पाता। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए पहले भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। उस समय त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसी कारण उन्हें

मजबूरन यह प्रदर्शन करना पड़ा। प्रदर्शन में प्रभात फेरी के सदस्यों, धर्मप्रेमी नागरिकों और शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। उन्होंने प्रशासन से तत्काल तालाब की सफाई करने और जलकुंभी हटाने की मांग की।

# जिले में 6 हजार 41 किलोमीटर सड़क निर्माण, 1 हजार 398 करोड़ का निवेश, आदिवासी और ग्रामीण अंचलों में विकास को मिली नई रफ्तार

स्मार्ट हलचल | उदयपुर



पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 25 दिसंबर 2000 को शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के गुरुवार को 25 वर्ष पूर्ण हुए।योजना की सिल्वर जुबली के अवसर पर प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान सहित देश का कोई भी गांव पक्की सड़क से वंचित न रहे की संकल्पना के साथ शुरू की गई प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विकास की क्रांति साबित हुई है। इस योजना ने प्रदेश के दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक प्रगति को नई दिशा दी है।

उदयपुर जिले में भी योजना के प्रभाव और उपलब्धियां उल्लेखनीय रूप से सामने आई हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग ने इन 25 वर्षों में ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) अभिनंदन जैन ने बताया कि बीते 25 वर्षों में जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुल 6 हजार 41 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कर 1 हजार 533 बसावटों को जोड़ा गया। इस दौरान करीब 1 हजार 398 करोड़ रुपये की लागत से ग्रामीण सड़क नेटवर्क को मजबूत किया गया। इन सड़कों के निर्माण से गांवों का सीधा जुड़ाव स्कूलों, कॉलेजों, अस्पतालों, कृषि मंडियों और अन्य आर्थिक गतिविधियों से हुआ, जिससे आवागमन सुगम बना और ग्रामीण जीवन में व्यापक बदलाव आया है।

सशक्त हुआ ग्रामीण सड़क नेटवर्क, गांव-गांव,ढाणी-ढाणी तक पहुंच हुई सुलभ

एसई जैन के अनुसार योजना के पहले और दूसरे चरण में जिले को 1 हजार 547 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली, जिसके तहत 5 हजार 92 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण कर 1 हजार 438 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ा गया। इस पर 1 हजार 149 करोड़ रुपये का व्यय हुआ। इसी चरण में 361 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण भी किया गया, जिस पर 32 करोड़ रुपये खर्च किए गए। तीसरे चरण में ग्रामीण संपर्क मार्गों और रूट्स के उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया गया। इस चरण में अब तक 191 करोड़ रुपये की लागत से 417 किलोमीटर लंबाई की 43 सड़कों का उन्नयन किया गया। साथ ही ग्रामीण सड़कों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए तीन बड़ी पुलियाओं का निर्माण कराया गया, जिस पर 26 करोड़ रुपये का व्यय हुआ।

चौथे चरण में बनेगी 129 करोड़ की लागत की 171 किमी नई सड़कें

अधिशासी अभियंता जिला खण्ड प्रथम अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में उदयपुर जिले की 95 बसावटों को ऑलवेदर सड़कों से जोड़ने के लिए चिन्हित किया गया है। इस चरण में 171 किलोमीटर लंबी नई सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है, जिस पर करीब 129 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है। इसका उद्देश्य केवल संपर्क स्थापित करना नहीं, बल्कि गांवों को कृषि बाजारों, शैक्षणिक संस्थानों और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है।

जयपुर में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# महिला शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज की निदेशक रिश्वत लेते गिरफ्तार, रिश्वत की राशि बरामद

स्मार्ट हलचल




**जयपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर में मीरा केशव महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की निदेशक भंवर कंवर को 4,500 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपिया भंवर कंवर सांगानेर क्षेत्र के ग्राम मदाउ (मानसरोवर) स्थित कॉलेज की निदेशक है और पूर्व में प्रधान भी रह चुकी है।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर यह कार्रवाई एसीबी चौकी जयपुर एस.यू. प्रथम की टीम द्वारा अंजाम दी गई। एसीबी को एक परिवादी की ओर से शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि कॉलेज में उपस्थिति पूर्ण कराने के एवज में निदेशक भंवर कंवर द्वारा 5,000 रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार, राशि नहीं देने पर उसे लगातार परेशान किया जा रहा था।

शिकायत का सत्यापन करने के बाद एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस अनिल कयाल के सुपरविजन में ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। पुलिस निरीक्षक अर्चना मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने पूरी योजना के साथ जाल बिछाया। तय रणनीति के अनुसार, जैसे ही परिवादी से 4,500 रुपये की रिश्वत ली गई, टीम ने आरोपिया को रंगे हाथों पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के दौरान रिश्वत की राशि बरामद कर ली गई और आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की गईं। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, आरोपिया से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इससे पहले भी इस तरह की कोई शिकायत सामने आई थी या नहीं।

एसीबी ने आरोपिया के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई से शिक्षा संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का स्पष्ट संदेश गया है। एसीबी अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी सरकारी या अर्द्ध-सरकारी संस्था में रिश्वत की मांग की जाती है, तो तुरंत एसीबी को सूचित करें ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे की चादर दरगाह में पेश, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी लेकर पहुंचे

## दरगाह में मत्था टेका और देश-दुनिया की सलामती के लिए दुआ

स्मार्ट हलचल



**अजमेर।** सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814वें सालाना उर्स के मुबारक अवसर पर बुधवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से दरगाह शरीफ में मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश किए गए। इस अवसर पर दरगाह परिसर में आध्यात्मिक माहौल और अकीदतमंदों की मौजूदगी देखने को मिली।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की चादर लेकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली अजमेर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने दरगाह में विधिवत रूप से चादर पेश कर ख्वाजा साहब की दरगाह में मत्था टेका और देश-दुनिया की सलामती के लिए दुआ की।

चादर पेशी के बाद दरगाह परिसर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में उन्होंने उर्स की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज का पैगाम मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का है। उन्होंने देश में अमन-चैन, आपसी सौहार्द और खुशहाली की कामना की तथा सभी वर्गों के बीच एकता और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

इस मौके पर प्रदेश के विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, जाकिर केसावत, मेहमुद खान, देहात अध्यक्ष विकास चौधरी, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ, पूर्व आरटीडीसी चैयरमेन धर्मेंद्र राठौड़, शहर अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने ख्वाजा साहब की दरगाह में श्रद्धा व्यक्त कर उर्स के मौके पर सामूहिक दुआ में हिस्सा लिया। उर्स के अवसर पर अजमेर दरगाह में देशभर से आए जायरीन ख्वाजा साहब के संदेश को आत्मसात करते हुए अमन और भाईचारे की दुआ करते नजर आए।

# ब्यावर में बाइक स्टार्ट करते ही इंजन फटा, 2 भाई घायल

## एक की हाथ की उंगलियां हुई अलग; ऑयल नहीं होने के कारण हादसे की आशंका



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर जिले के बिराटिया खुर्द क्षेत्र में बुधवार को एक बाइक का इंजन स्टार्ट करते समय अचानक फट गया। इस घटना में दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट इतना भीषण था कि एक युवक के हाथ की सभी उंगलियां मौके पर ही अलग हो गईं, जबकि उसके छोटे भाई को हल्की चोटें आईं।

जानकारी के अनुसार भोजाजी का बाड़िया निवासी सुरेंद्र काठात (30) और उसका छोटा भाई काकू काठात (18) अपनी बाइक से ननिहाल जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक अचानक बंद हो गई। सुरेंद्र ने बाइक को दोबारा चालू करने का प्रयास किया। उन्होंने स्पार्क प्लग निकालकर दोबारा लगाया और जैसे ही किक मारी, तेज धमाके के साथ इंजन फट गया।

इंजन फटने से सुरेंद्र काठात के हाथ की सभी उंगलियां गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को संभाला और प्राथमिक सहायता के बाद उन्हें अमृतकौर अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में दोनों भाइयों का उपचार जारी है। चिकित्सकों ने बताया कि सुरेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने आशंका व्यक्त की है कि बाइक में इंजन ऑयल नहीं होने के कारण अत्यधिक घर्षण से यह हादसा हुआ होगा। हालांकि, घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे। इस घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है।

# अखिल भारतीय हिंदू महासभा टोंक को मिला सशक्त नेतृत्व, प्रहलाद सुवालका बने जिलाध्यक्ष

स्मार्ट हलचल



नगर फोर्ट अखिल भारतीय हिंदू महासभा, नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनातन सम्राट चक्रपाणि महाराज एवं राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष पवन कुमार पूनिया के निर्देशानुसार नगर फोर्ट निवासी प्रहलाद सुवालका को टोंक जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

इस मनोनयन की खबर मिलते ही नगर फोर्ट तहसील क्षेत्र व जिले भर में संगठन कार्यकर्ताओं एवं आमजन में हर्ष का माहौल देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने सुवालका को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं।नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष प्रहलाद सुवालका ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदू धर्म से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर पूरी गंभीरता और निष्ठा से कार्य किया जाएगा। सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने तथा युवाओं को हिंदू मूल्यों से जोड़ने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।उनके नेतृत्व में जिले में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा हिंदू समाज की एकजुटता को नई दिशा की ओर ले जाने का प्रयास रहेगा।

# शिक्षा के क्षेत्र में चूरू की डिजिटल क्रांतिः सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाई देश की पहली एटीएल लर्निंग वेबसाइट

स्मार्ट हलचल



**सादुलपुर/चूरू।** जिला परिषद सभागार में सुशासन सप्ताह के दौरान चूरू के सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने तकनीक की दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। 'कोड चूरू' प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षित 10 मेधावी छात्रों ने जिले की 45 अटल टिंकरिंग लैब के लिए एक विशेष वेबसाइट तैयार की है। दावा किया जा रहा है कि समूचे भारत में यह पहली बार है जब किसी जिले ने अटल टिंकरिंग लैब के लिए कक्षावार और आयुवार विशेष पाठ्यक्रम और डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया है।

10 हजार विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ

जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने बताया कि इस वेबसाइट का निर्माण शिक्षा विभाग द्वारा तैयार किए गए विशेष पाठ्यक्रम के आधार पर किया गया है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार महर्षि के अनुसार, इस नवाचार से जिले की एटीएल लैब में पढ़ रहे कक्षा 9 से 12 तक के लगभग 10,000 विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। वेबसाइट पर छात्रों को हर टॉपिक के वीडियो, नोट्स और अपनी योग्यता जांचने के लिए क्विज की सुविधा उपलब्ध होगी।

हुनर को मिली उड़ानः मेंटरशिप से आईआईटी तक का सफर

इस वेबसाइट का निर्माण गौरव कुमार शर्मा की मेंटरशिप में छात्र मयंक महर्षि, लक्ष्मी जांगिड़, मोहित दर्जी, आशीष पारीक, जाहिद खान, नेहा गोयल और शिव कुमार ने किया है। उल्लेखनीय है कि 'कोड चूरू' पहल से जुड़ने के बाद मयंक महर्षि और लक्ष्मी जांगिड़ का चयन आईआईटी मद्रास के लिए हो चुका है, जो सरकारी स्कूल के बच्चों की इस बड़ी उपलब्धि पर मुहर लगाता है। प्रधानमंत्री के 'स्किल इंडिया' सपने को मिल रही मजबूती

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्किल इंडिया' के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अवसर पर पूर्व जिला कलक्टर सांवरमल वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जिला परिषद सीईओ सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी भवानी शंकर, जनार्दन गहलोत, भागीरथ सहु, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ओम प्रकाश प्रजापत, राकेश भाम्बू और केदारमल आसेरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुकुल भाटी ने किया।

### मुख्य आकर्षणः

देश की पहली पहलः अटल टिंकरिंग लैब के लिए कस्टमाइज्ड डिजिटल कंटेंट।

स्थानीय प्रतिभाः सरकारी स्कूल के छात्रों ने ही तैयार की पूरी वेबसाइट।

कंटेंटः वीडियो लेक्चर्स, नोट्स और इंटरएक्टिव क्विज शामिल।

# छात्राओं को मिली सरकारी योजनाओं की जानकारी

## सूचना अधिकारी ने एनएसएस शिविर में किया जागरूक



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राज्य सरकार के दो वर्ष सफलतापूर्वक पूरे होने के उपलक्ष्य में जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सनातन धर्म महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रिंटिंग सामग्री भी वितरित की। इस कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने एनएसएस स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों को संबोधित किया।

उन्होंने राज्य सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सोनी ने बताया कि सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रामाणिक और अद्यतन जानकारी आधिकारिक माध्यमों, विभागीय वेबसाइटों तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के संसाधनों से प्राप्त की जा सकती है।

सोनी ने इस बात पर जोर दिया कि योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने और पात्र लाभार्थियों तक सही जानकारी पहुंचाने में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनातन धर्म कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रेखा मंडोवरा ने की। उन्होंने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को युवाओं के लिए ज्ञानवर्धक बताया और कहा कि इनसे विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व बोध का विकास होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. मंधरूप देवड़ा, अन्य आचार्यगण और बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद थे।

# भारत की क्यूआईपी पहल से फिजी के ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

स्मार्ट हलचल |सुवा

फिजी स्थित भारतीय उच्चायोग टुबालेवु गांव ग्राउंड वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर का गवाह बना, जो भारत सरकार की क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स (क्यूआईपी) पहल के तहत एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एमओयू फिजी के लोक निर्माण मंत्रालय और टुबालेवु गांव के प्रतिनिधियों के बीच साइन किया गया, जिसका मकसद स्थानीय समुदाय के लिए सुरक्षित और भरोसेमंद पीने के पानी तक पहुंच में सुधार करना है।

हस्ताक्षर समारोह में फिजी में भारत के उच्चायुक्त सुनीत मेहता मौजूद थे। इस डेवलपमेंट पर प्रकाश डालते हुए, फिजी में भारतीय उच्चायोग ने 22 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा उच्चायुक्त सुनीत मेहता ने आज लोक निर्माण मंत्रालय और टुबालेवु गांव के प्रतिनिधियों के बीच टुबालेवु गांव ग्राउंड वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर होते देखा।

उच्चायोग ने इस पहल के व्यापक महत्व पर भी जोर देते हुए कहा यह प्रोजेक्ट, जो भारत सरकार की क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट पहल है, टुबालेवु गांव के घरों में सुरक्षित पीने का पानी लाएगा और अगस्त 2025 में माननीय प्रधानमंत्री सिटिवेनी राबुका की भारत यात्रा के दौरान किए गए वादे को पूरा करेगा।

टुबालेवु गांव ग्राउंड वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट से गांव के घरों को सीधे फायदा होने की उम्मीद है, जिससे पानी की पहुंच और गुणवत्ता से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान होगा।

यह भारत के डेवलपमेंट पार्टनरशिप अप्रोच को दिखाता है, जो समुदाय-स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर और लोगों पर केंद्रित नतीजों को प्राथमिकता देता है। यह पहल ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भारत की लगातार और बढ़ती भागीदारी का हिस्सा है, जो लक्षित, उच्च-प्रभाव वाले हस्तक्षेपों के माध्यम से क्षमता-निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# कानोता कैंप में प्रकृति, पक्षी एवं पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल|जयपुर



राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के अंतर्गत आईआईएस जयपुर (डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय) की एनएसएस इकाइयों द्वारा ग्रीन पीपल सोसाइटी (जयपुर चैप्टर) के सहयोग से कानोता झील के समीप स्थित कानोता कैंप रिसॉर्ट में एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए एक प्रकृति एवं पर्यावरण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों के लिए तीन ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र 'पक्षियों की अद्भुत दुनिया' विषय पर आधारित रहा, जिसमें प्रसिद्ध प्रकृतिविद् मनोज कुलश्रेष्ठ ने पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों, उनके आवास, जीवन चक्र एवं प्रवासन (आव्रजन) के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

दूसरे सत्र में निर्देशित प्रकृति भ्रमण आयोजित किया गया, जिसमें गोविंद सिंह (एडीबी सलाहकार), डॉ. स्मिता शेखावत एवं तान्या गुप्ता (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) ने विद्यार्थियों को कानोता क्षेत्र की वनस्पतियों, पक्षी आवासों एवं स्थानीय जैव-विविधता से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराया। इस मैदानी भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति को नज़दीक से समझा और उसके संरक्षण के महत्व को जाना। तीसरे एवं अंतिम सत्र में थार मरुस्थल पर आधारित हाल ही में निर्मित चर्चित दस्तावेज़ी फिल्म 'इट्स नॉट ए वेस्टलैंड' (यह बंजर भूमि नहीं है) का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म के निर्देशक दिनकर सामोरे ने मरुस्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र, जीवन की विविधता एवं पर्यावरणीय चुनौतियों पर सारगर्भित दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

सभी सत्र अत्यंत संवादात्मक रहे। एनएसएस समन्वयक डॉ. शरद राठौड़ के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने पर्यावरण, जैव-विविधता एवं संरक्षण से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने विस्तार से समाधान किया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायी बताते हुए इसे एक उत्कृष्ट सीखने का अनुभव बताया। कार्यक्रम के समापन पर बताया गया कि इस अनुभव से विद्यार्थियों में पर्यावरणीय समस्याओं के प्रति समझ विकसित हुई है तथा वे एक स्वस्थ और हरित पृथ्वी के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित हुए हैं। इस पूरे आयोजन का मार्गदर्शन एवं समन्वय ग्रीन पीपल सोसाइटी के उपाध्यक्ष, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्री विक्रम सिंह द्वारा किया गया।

# विधायक रामावतार बैरवा ने सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



स्मार्ट हलचल

**चाकसू।** शहरी समस्या समाधान सेवा शिविर 2025 के समापन के दौरान विधायक रामावतार बैरवा के द्वारा शिविर में उपस्थित सभी आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी ओर अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही वह पर उपस्थित लाभार्थियों को पट्टे, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि वितरित किए गए साथ ही गोद भराई की रस्म की गई। कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा द्वारा शिविर में उपस्थित वाल्मीकि समाज के कार्मिकों के द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में विशेष साफ सफाई के लिए धन्यवाद देते हुए कार्य को सराहना की गई। चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ओर कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाशजी शर्मा द्वारा वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर माननीय विधायक महोदय श्री रामावतार जी बैरवा, कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन श्री कैलाशजी जी शर्मा, भाजपा मंडल चाकसू शहर अध्यक्ष कृष्णा सैनी जी, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामधन मोड़ा जी, श्रीमती सुमन कुमावत जी, त्रिवेणी श्याम शर्मा पार्षद, मेहराज खान ओर अन्य कई भाजपा कार्यकर्ता ओर पालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# द बोहराज ग्लोबल स्कूल में पराक्रम स्पोर्ट्स मीट जिसमें गोल्ड मेडलिस्ट, काउंसलिंग सत्र एवं अभिभावक खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल




**महवा।** द बोहराज ग्लोबल स्कूल, महवा में पराक्रम स्पोर्ट्स मीट का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विशेष काउंसलिंग सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. गौरव खन्ना जी ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस कार्यक्रम में सीओ महवा मनोहर जी एवं थानाप्रभारी राजेन्द्र मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और खिलाड़ियों व विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

स्पोर्ट्स मीट के समापन समारोह में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत सीबीएसई जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों में कुल 6 राष्ट्रीय स्तर एरोबिक्स प्रतियोगिता जिसमें कृतिका मीणा, दिपिका मीणा,मानसी मीणा, मधु सैनी,अर्पिता, दिपिका मीणा, 13 राज्य स्तर पर जिसमें सुमित पांडेय, लवलेश, आदित्य शर्मा बैडमिंटन, योगिता, विष्णु, नैतिक खो खो,मोनिका कबड्डी,मानसी कटारा, साक्षी, हर्षिता, शिव सिंह, यशवर्धन सिंह, हिमांशु मीणा रग्बी फुटबॉल में चयन एवं कुल 07 मेडल जिसमें बैडमिंटन में गोल्ड मेडल एवं रग्बी फुटबॉल अंडर 19 में सिल्वर मेडल तथा रग्बी फुटबॉल अंडर 17 में ब्रॉन्ज मेडल, कबड्डी में ब्रॉन्ज मेडल,खो-खो में ब्रॉन्ज मेडल जिला स्तरीय प्रतियोगिताओ में प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

इसके साथ ही फादर्स क्रिकेट लीग एवं मदर्स स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के विजेता प्रतिभागियों को भी ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए गए, जिससे अभिभावकों में भी खेलों के प्रति उत्साह और सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

काउंसलिंग सत्र के दौरान डॉ. गौरव खन्ना जी ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए सही रणनीति अपनाने, स्वयं को मोटिवेट रखने, लक्ष्य निर्धारित करने, निरंतरता बनाए रखने तथा यह तैयारी उनके भविष्य के लिए कितनी प्रभावी और महत्वपूर्ण है, इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके प्रेरणादायक विचारों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का संचार हुआ।

विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य अतिथियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक एवं सर्वांगीण विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, प्रधानाचार्य बालाजी राजेश, मंडावर पुनीत, महवा उप प्रधानाचार्य श्वेता राणा नेगी, एकेडमिक इंचार्ज गिरवर,पी टी आई सुरेन्द्र सिंह एवं मनोज, सभी विषय अध्यक्ष, अध्यापक अध्यापिकाएं, सहायक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संग्राम सिंह मेमोरियल हॉकी कपः सोनीपत अकादमी बनी चैंपियन

## हॉकी के जादूगर मेजय ध्यानंचद को मिले भारत रत्न — वी के जेटली

### एस्ट्रोटर्फ की जरूरत पर जोर, कोटा में हॉकी इंफ्रास्ट्रक्चर का मुद्दा उठा

स्मार्ट हलचल|कोटा



ग्रासरूट स्तर पर हॉकी के विकास को समर्पित 29वें संग्राम सिंह मेमोरियल हॉकी कप-2025 का समापन बुधवार को बधिर बाल विकास केंद्र, झालावाड़ रोड, कोटा में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। अंडर-14 आयु वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में सोनीपत हॉकी अकादमी ने प्रभावशाली खेल का प्रदर्शन करते हुए यमुनानगर हॉकी एकेडमी को 7-4 के स्कोर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया। निर्णायक क्षणों में सोनीपत हॉकी अकादमी के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल और रणनीति का परिचय देते हुए बढ़त बनाई। विजेता टीम की ओर से मनीष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक पांच गोल दागे और जीत में अहम भूमिका निभाई।

खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए ओलंपियन अशोक कुमार (मेजर ध्यानचंद के पुत्र), हॉकी ध्यानचंद अकादमी के अध्यक्ष वी.के. जेटली, आरटीओ कुलगुरु निमित्त चौधरी, ट्रस्टी ऋषभ त्रिपाठी एवं श्रद्धा त्रिपाठी, आयोजन सचिव भूपेन्द्र सिंह खींची, विजय पालीवाल तथा बी.एस. झाला मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह टूर्नामेंट त्रिपाठी आद्विक फाउंडेशन एवं मेजर ध्यानचंद अकादमी, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता अध्यक्ष बलवीर सिंह सिसोदिया, संरक्षक राकेश जैन, विजय चौधरी एवं प्रेम भाटिया तथा सचिव बी.एस. खींची की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कुलगुरु निमित्त चौधरी ने युवाओं से अधिक से अधिक खेलों से जुड़ने का आह्वान किया।

हॉकी ध्यानचंद अकादमी के अध्यक्ष वी.के. जेटली ने इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग को दोहराया। उन्होंने बताया कि बुधवार को फाइनल और सेमीफाइनल सहित कुल चार मुकाबले खेले गए। ट्रस्टी ऋषभ त्रिपाठी एवं श्रद्धा त्रिपाठी ने जानकारी दी कि अंडर-14 वर्ग की इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से 12 टीमों के लगभग 120 युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता विगत 29 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है।

इस अवसर पर ओलंपियन अशोक कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में कोटा सहित प्रदेश के प्रमुख शहरों में एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पहले की हॉकी नजाकत और तकनीक पर आधारित थी, जबकि आज की हॉकी कौशल के साथ-साथ ताकत की भी मांग करती है। यदि देश में हॉकी को समुचित संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो भारत एक बार फिर गोल्ड मेडल और हॉकी वर्ल्ड कप जीत सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान में सीमित संख्या में टर्फ होने के कारण खिलाड़ियों को पर्याप्त अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। कोटा में पूर्व में बड़े हॉकी टूर्नामेंट आयोजित होते रहे हैं, लेकिन खेल मैदानों की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में ऐसे आयोजन कम हो गए हैं। हॉकी के समग्र विकास के लिए कोटा में खेल मैदानों के उन्नयन और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता है।

# घर के आंगन में खड़ी कार, सैकड़ों किलोमीटर दूर दिल्ली के टोल प्लाजा पर कटा टैक्स

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** डिजिटल इंडिया के दौर में जहाँ तकनीक ने जीवन सुगम बनाया है, वहीं अब यह तकनीक आमजन के लिए सिरदर्द और आश्चर्य का विषय भी बनती जा रही है। ताज़ा मामला राजगढ़ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी के निजी सहायक सुनील कोठारी के साथ सामने आया है, जिसने सुरक्षा और तकनीक की विश्वसनीयता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

खड़ी गाड़ी का कट गया टोल

जानकारी के अनुसार, सुनील कोठारी की मारुति सुजुकी ऑल्टो (नंबर आरजे 18 सीबी 9148) पिछले काफी समय से उनके पिलानी स्थित निवास स्थान पर खड़ी है। गाड़ी पर धूल और उसकी स्थिति इस बात की गवाही दे रही है कि इसे लंबे समय से हिलाया तक नहीं गया है। लेकिन चौंकाने वाली बात तब हुई जब कल दोपहर को उनके मोबाइल पर एचडीएफसी फास्टैग का एक मैसेज प्राप्त हुआ। मैसेज के अनुसार, उनकी इस खड़ी गाड़ी का



दिल्ली के पास टोपारिया प्लाजा पर 55 का टोल टैक्स कटा है।

### जांच का विषयः कैसे हुई यह चूक?

यह घटना इसलिए गंभीर है क्योंकि बिना गाड़ी के वहां मौजूद रहे टोल का कटना किसी बड़ी तकनीकी गड़बड़ी या फिर 'नंबर प्लेट क्लोनिंग' की ओर इशारा करता है।

क्लोनिंग की आशंकाः क्या कोई और वाहन इसी फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग कर दिल्ली के आसपास घूम रहा है?

तकनीकी खामीः क्या टोल प्लाजा के कैमरों ने किसी अन्य नंबर को गलत पढ़कर कोठारी के खाते से पैसे काट लिए?

सुरक्षा पर सवालः अगर कल को वह वाहन किसी अवैध गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, तो निर्दोष वाहन स्वामी को अपनी बेगुनाही साबित करना मुश्किल हो सकता है।

### पीड़ित हैरान, विभाग से स्पष्टीकरण की मांग

सुनील कोठारी ने इस मामले पर आश्चर्य जताते हुए कहा कि जब गाड़ी घर की बाउंड्री से बाहर ही नहीं निकली, तो उसका दिल्ली के पास टोल कटना समझ से परे है। उन्होंने इस मामले में संबंधित बैंक और टोल अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराने की बात कही है ताकि भविष्य में किसी बड़ी परेशानी से बचा जा सके।

फिलहाल, पिलानी में खड़ी इस कार और दिल्ली में कटे टोल का यह 'रहस्य' चर्चा का विषय बना हुआ है।

# टोडाभीम में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के आदेश

स्मार्ट हलचल

**टोडाभीम (करौली)।** तहसीलदार न्यायालय टोडाभीम ने राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत दर्ज मामले में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का दोष सिद्ध होने पर सख्त आदेश जारी किए हैं। यह निर्णय 27 नवंबर 2025 को पारित किया गया।

प्रकरण के अनुसार ग्राम शहड़ाकर निवासी रामेश्वर पुत्र जगदेव मीणा पर खसरा संख्या 1202 (सिवायचक) की 0.27 हेक्टेयर सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने का आरोप था। मामले की जांच में हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अतिक्रमण की पुष्टि की गई।

### नोटिस के बावजूद नहीं हुए पेश

तहसीलदार न्यायालय द्वारा धारा 91 के अंतर्गत 14 नवंबर 2025 को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन संबंधित व्यक्ति न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पूर्व में भी इसी भूमि पर अतिक्रमण कर चुका था तथा पूर्व में उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी पुनः अतिक्रमण किया गया, जिससे उसे पूर्ववर्ती अतिक्रमणकर्ता माना गया।

### न्यायालय का सख्त रुख

मामले में पत्रावली और साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने अतिक्रमण सिद्ध मानते हुए आदेश दिया कि– आरोपी द्वारा खसरा संख्या 1202 की 0.27 हेक्टेयर भूमि से अतिक्रमण हटाया जाए अतिक्रमण के लिए लगभग 608 रुपये का अर्थदंड लगाया गया

पूर्ववर्ती अतिक्रमण पाए जाने पर 01 माह (30 दिन) का सिविल कारावास भी आदेशित किया गया

वसूली और बेदखली के निर्देश

न्यायालय ने भू-अभिलेख निरीक्षक पदमपुरा एवं हल्का पटवारी शहड़ाकर को बेदखली की कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा तहसील राजस्व लेखाकार शाखा को अर्थदंड की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### खुले न्यायालय में सुनाया गया फैसला

यह निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया और आदेश की प्रति तामील के लिए संबंधित विभागों को भेजी गई। आदेश पर तहसीलदार टोडाभीम, जिला करौली के हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर अंकित है।

# चार लेबर कोड को मजदूरों के हित में बता केंद्रीय मंत्री ने किया श्रमिक नेता राकेश मणि को सम्मानित

स्मार्ट हलचल









**कानपुर।** मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड को मजदूरों के हित में बताते हुए 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के महासंघ कंसेंट की विशेष राष्ट्रीय बैठक में केन्द्रीय श्रम मंत्री डा. मनसुख मांडविया व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य प्रियांक कानूनगो द्वारा हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उन्हें कन्सेन्ट की 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के विशेष सम्मेलन कास्टीयूशन क्लब नई दिल्ली में उनके श्रमिक हितों में किये गये तमाम प्रयासों और संघर्षो के आधार पर केन्द्रीय श्रम मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इसी तरह से दूसरे सत्र में भी प्रियांक कानूनगो द्वारा चर्चित वरिष्ठ श्रमिक नेता राकेश मणि पांडे को सॉल व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय श्रमिक संगठनो जो एनएफ आईटीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा लेबर व इम्प्लाईमेण्ट समिट 2025 का आयोजन कस्ट्रटीयूशन क्लब नई दिल्ली में 16 दिसम्बर 2025 को किया गया था जिसमें देशभर के 16 श्रमिक संगठनों के अध्यक्ष, मंत्री और पदाधिकारी के साथ-साथ स्वतंत्र संगठनों के भी तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे थे।

इस सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्रम मंत्री ने कहा कि 4 लेबर कोड मजदूरों के हित में है। जिसे 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा आत्मसात करना खुशी की बात है। श्रम मंत्री ने कहा कि तमाम विशेषताओं के साथ श्रमिक हितों में इसे मोदी सरकार ने लागू किया है। श्रम मंत्री ने यह भी भरोसा दिया कि केन्द्रीय श्रमिक संगठन अगर अन्य के संदर्भ में भी अपनी आपत्तियां व सुझाव देते हैं तो उस पर न केवल विचार किया जाएगा बल्कि उसे लागू भी किया जाएगा। वहीं सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव राकेशमणि पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार ने श्रमिकों के हित में बेहतर सम्भावनाओं सहित चार लेबर कोड लागू किया है। हिन्द मजदूर किसान पंचायत उसका पुरजोर समर्थन करता है।


लगातार श्रमिक संगठनों से सुझाव व वार्ता के लिए समय व तैयार रहने और सुझावो को स्वीकार करने की पहल के लिए श्रम मंत्री की जोरदार सराहना करते हुए श्रमिक नेता राकेश मणि ने आगे यह भी कहा कि बहुत से अप्रसंगिक कानून जो गुलामी के समय लादे गये थे उसे खत्म करने का कार्य किया गया है।

राकेशमणि पाण्डेय ने श्रम मंत्री से यह भी मांग की कि टीचरों, डाक्टरों व इंजीनियरों को इसमें नहीं जोड़ा गया है जबकि राबसे ज्यादा इन्ही का शोषण होता है और इनके मालिकान सभी लगभग सांसद, विधायक, मंत्री राजपत्रित अधिकारी और बड़े पूंजीपति होते हैं। उन पर लगाम लगाने की जरूरत है। उन्होंने पहली बार प्लेफार्म वर्कर व गिग जैसे कर्मचारियों व संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों हेतु सरकार की घोषणाओं को स्वागत योग्य भी बताया।

सम्मेलन में हिन्द मजदूर किसान पंचायत के साथ साथ सभी 16 केन्द्रीय श्रमिक संगठनों बीएमएस, एनएफ आई टीयू , टीयू सीसी , एच एम के पी, आई एन टी यू सी , एन एल ओ , एफ एफ आर , ए आई बी ई यू, ई एस सी आई , एच एम के यू, के एल यू, एन एफ एफ डब्लू , बी आर एम जी एस यू, एफ एस यू आई सहित तमाम केन्द्रीय संगठनो के अध्यक्ष व मत्रियों ने अपने विचार रख भारत सरकार के 4 लेबर कोड का समर्थन भी किया।

# ग्राम पंचायत में वार्डो के पुनर्गठन का प्रारूप प्रकाशन हुआ जारी

स्मार्ट हलचल|बानसूर



उपखंड अधिकारी अनुराग हरित ने राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पंचायती राज अधिनियम 1994 के तहत ग्राम पंचायत में वार्डों के पुनर्गठन का प्रारूप प्रकाशन जारी किया हैं। उपखंड अधिकारी अनुराग हरित ने बताया कि ग्राम पंचायतों के वार्डो का निर्धारण 2011 की जनगणना के आंकड़ों के आधार पर किया गया हैं। प्रत्येक वार्ड का सीमांकन प्रमुख मौहल्लों,लैंडमार्क और मकान मालिकों के नाम के आधार पर किया गया है जिससे मतदाताओं को अपने निर्वाचन क्षेत्र की स्पष्ट जानकारी मिल सके। नव गठित वार्डों के प्रारूप की सूची संबंधित पंचायत मुख्यालयों के नोटिस बोर्ड एवं सार्वजनिक स्थानों पर चश्पा की गई हैं। अगर किसी भी व्यक्ति को इन वार्डो की सीमा, जनसंख्या या गठन से कोई आपत्ति हो तो वह एक सप्ताह के अंदर जिला कलेक्टर कार्यालय ,उपखंड अधिकारी कार्यालय,तहसीलदार कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। आपको बता दे कि बानसूर पंचायत समिति में कुल 44 ग्राम पंचायतें हैं जिनमें 7 नई ग्राम पंचायतों सहित कुल 23 ग्राम पंचायतों में वार्डो के पुनर्गठन का प्रारूप प्रकाशन जारी किया गया हैं।

# खेल, शांति और शोध के क्षेत्र में कोटा विश्वविद्यालय का कोरिया से करार

## कोरिया की वर्ल्ड सोसायटी फॉर पीस स्पोर्ट्स से कोटा विश्वविद्यालय का एमओयू

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कोटा विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक समझौता

स्मार्ट हलचल|कोटा



कोटा विश्वविद्यालय, राजस्थान और कोरिया गणराज्य की वर्ल्ड सोसायटी फॉर पीस स्पोर्ट्स (डब्ल्यूएसपीएस) के बीच शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं शोध सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से दोनों संस्थानों के बीच शिक्षा, कौशल विकास, शोध और सेवा गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग को नई गति मिलेगी। इस अवसर कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत, प्रो. (डॉ.) अनुक्रति शर्मा,फिजिकल एजुकेशन डॉयरेक्टर डा. विजय सिंह भी उपस्थित रहे।

कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत ने कहा कि यह एमओयू भारत और कोरिया के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को एक नई दिशा प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इस सहयोग से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन एवं शोध के अवसर उपलब्ध होंगे।

अंतरराष्ट्रीय अधिकारी प्रो. (डॉ.) अनुक्रति शर्मा ने जानकारी दी कि समझौते के अंतर्गत शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण, फैकल्टी तथा छात्र विनिमय, सेमिनार, कार्यशालाएं, सम्मेलन और संयुक्त शोध परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इनमें पारंपरिक खेल, शांति एवं खेल, खेल प्रबंधन, खेल पर्यटन, खेल इंजीनियरिंग और अनुप्रयुक्त स्वास्थ्य विज्ञान जैसे विषयों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इस समझौतो को मूर्त रूप देने के लिए डा. विजय सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

डा. विजय ने बताया कि यह एमओयू राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप बहुविषयक अध्ययन को प्रोत्साहित करेगा, जिससे प्रबंधन, खेल एवं अन्य विषयों के विद्यार्थी एकीकृत शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से अध्ययन एवं शोध कर सकेंगे। यह समझौता प्रारंभिक रूप से पांच वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा। डब्ल्यूएसपीएस से जुड़े शोधार्थियों को कोटा विश्वविद्यालय में आवश्यक शोध सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# राजस्थान अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स फेडरेशन की आम सभा बूंदी में

स्मार्ट हलचल।बूंदी



राजस्थान अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स फेडरेशन की आगामी आम सभा का आयोजन इस वर्ष ऐतिहासिक नगरी बूंदी में किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण आम सभा की मेज़बानी बूंदी अर्बन कोऑपरेटिव बैंक द्वारा की जाएगी। आम सभा का स्थान होटल द क्लासिक सफायर अनंता बूंदी में जो दिनांकः 26 दिसंबर 2025 को समय प्रातः11बजे से सायंकाल 05:00 बजे तक रहेगा।आम सभा के दौरान राज्य की नागरिक/अर्बन सहकारी बैंकों से जुड़ी विभिन्न ज्वलंत समस्याओं, चुनौतियों एवं भविष्य की रणनीतियों पर विस्तार से गंभीर चर्चा की जाएगी। बूंदी अर्बन बैंक के अध्यक्ष सत्येश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को सशक्त, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंथन का मंच सिद्ध होगी।

सभी संबंधित प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सहकारी बैंकिंग से जुड़े सदस्यों की सार्थक सहभागिता इस आयोजन को सफल बनाएगी–इसी विश्वास के साथ यह आम सभा आयोजित की जा रही है।

# 26 दिसम्बर को जयपुर में भारतीय मजदूर संघ की विशाल हुंकार रैली

## श्रमिक संघ के डिस्कॉम महामंत्री ने दौसा जिले के पदाधिकारियों के साथ किया विभिन्न कार्यालयों में पोस्टर का विमोचन

स्मार्ट हलचल|बांदीकुई





भारतीय मजदूर संघ द्वारा जयपुर मे 26 दिसम्बर को एक लाख सदस्यों के लक्ष्य को लेकर आयोजित होने वाली विशाल हुंकार रैली में जयपुर विद्युत श्रमिक संघ की अधिकाधिक उपस्थिति के उद्देश्य से जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के डिस्कॉम महामंत्री वेद पाल सोलंकी ने विभिन्न सहायक अभियंता कार्यालयों का प्रवास किया। उनके साथ प्रवास करने वाले पदाधिकारियों में भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला मंत्री उमेश कुमार शर्मा, जोधपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ के पूर्व प्रभारी एवं महासंघ के पूर्व प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश गुर्जर, भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त जिला मंत्री, डिस्कॉम उपाध्यक्ष व महासंघ के कार्यकारिणी सदस्य कैलाश सिंह चौधरी, जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह पोसवाल, भरतपुर के महामंत्री राकेश सैनी एवं छोकरवाड़ा के महामंत्री रवि कुमार बिजवारी सम्मिलित थे।

इस अवसर पर डिस्कॉम महामंत्री ने, मुख्यमंत्री महोदय के नाम प्रस्तुत किए जाने वाले ज्ञापन मे विद्युत कार्मिकों की 24 सूत्रीय मांगों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रस्तुत किये जाने वाले ज्ञापन के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ज्ञापन में निजीकरण पर रोक लगाकर निगमों में नए कार्मिकों की भर्ती, सभी कार्मिकों को आरजीएचएस योजना से जोड़े जाने, विद्युत निगमों में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को पदोन्नती के समुचित अवसर देने, इस हेतु सभी कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची निगम स्तर पर तैयार करने, उन्हें कैलेंडर वर्ष के देय अवकाश प्रदान करने, लेखा एवं मंत्रालयिक कार्मिकों हेतु पदोन्नतीयों हेतु खंड एवं उपखंड स्तर पर कार्य के विस्तार के अनुरूप नए पद सृजित करने जैसी अनेकों मांगे सम्मिलित हैं।

उन्होंने कहा कि दौसा जिले में प्रदेश से संबंधित सभी मांगों का निराकरण करवाया जायेगा । उन्होंने आग्रह किया कि 26 दिसम्बर को आयोजित होने वाली विशाल हुंकार रैली मे दौसा जिले से अधिकतम संख्या मे कार्यकर्ता जयपुर पहुंचने। दौसा वृत के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय आभानेरी में, सहायक अभियंता कार्यालय महवा में इंद्रराज सिंह, तरुण बंसल, मंडावर में मुखराज सिंह गुर्जर, सिकंदरा में अध्यक्ष महावीर सिंह गुर्जर, ईश्वर सिंह, कांटा प्रसाद मीना, मनोहरपुरा में नीरज बैरवा, गोविंद सिंह मीना के साथ पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रवास के दौरान कर्मचारियों की उपखंड स्तरीय विभिन्न समस्याएं भी सुनी गई।

# डीवाई एसपी राजेश सोनी के निधन पर बटालियन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** शहर के निवासी राजेश कुमार सोनी डीवाई एसपी आर ए सी बटालियन कोटा के आकस्मिक निधन पर शहर में शौक की लहर दौड़ गई। सोनी को मुक्तिधाम में आरएसी बटालियन कोटा ने आकर गार्ड ऑफ ऑनर दिया उसके बाद ही उन्हें उनके पुत्रों ने मुखाग्नि दी।

इस दौरान भवानी मंडी पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार चौधरी, थानाधिकारी प्रमोद कुमार आदि के साथ आरएसी बटालियन कोटा के कई पुलिस अधिकारी शामिल हुए। साथ ही शहर के कई गणमान्य नागरिक भी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए। स्वर्गीय राजेश सोनी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से रहे हैं और उनके पिता कल्याणमल सोनी संघ के कई दायित्वों पर रहे हैं। राजेश सोनी को पुलिस सेवा में उनकी बहादुरी के लिए उच्च स्तरीय सम्मान भी मिल चुका है। राजेश सोनी अपने विद्यार्थी जीवन में उनमें माता पिता के साथ सन 1990 ओर 1992 में श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में भी कारसेवा में अयोध्या गए थे वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए जिसमे पिता,भाई, पत्नी और दो पुत्र आदि है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com